संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -02 रविवार ,03 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से



**» वक्फ विधेयक सहित कई अहम बिलों पर होगी चर्चा...**

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024(ए)।** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होने जा रहा है, जो 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कई अहम बिलों पर चर्चा होगी। शीत कालीन सत्र में वन नेशन-वन इलेक्शन और वक्फ विधेयक बिल पर हंगामा होने के आसार भी बन रहे हैं।

वन नेशन-वन इलेक्शन पर रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी के बाद बिल को शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। देश के विपक्षी दल वन नेशन-वन इलेक्शन का विरोध कर रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। इसलिए पूरी संभावना है कि इस बिल को लेकर संसद में सरकार और विपक्ष के बीट टकराव देखने के लिए मिले।

### खड़गे का मोदी पर पलटवार



**» बीजेपी का मतलब भरोसा तोड़ना और जुमला...**

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच चुनावी वादों को लेकर तीखी बयानबाजी हो गई है। शुक्रवार को पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं करती। इसके जवाब में खड़गे ने कहा कि भाजपा का बी भरोसा तोड़ना और जे जुमला देने का प्रतीक है। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वादे निभाने के बजाय जनता को गुमराह किया है।

### सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी



**» दिल्ली का युवक गिरफ्तार**

**पूर्णिया,02 नवम्बर 2024(ए)।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पूर्णिया पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से अरेस्ट किया गया है। धमकी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने केहाट थाने में सनहा दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली से महेश पांडेय नामक एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना जुल्म काबुल कर लिया है। जिस मोबाइल और सिम कार्ड का प्रयोग किया गया था, उसे भी जब्त किया गया है। पूर्णिया एसपी ने बताया, महेश पांडेय का किसी गिरोह से कुछ लेना देना नहीं है। लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप से इसका कोई भी संबंध सामने नहीं आया है। वह पहले भी बड़े नेताओं के यहां काम कर चुका है।

### सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकवादी ढेर



**अनंतनाग,02 नवम्बर 2024 (ए)।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार सुबह से सेना और आतंकियों के बीच दो अलग-अलग एनकाउंटर जारी है। जहां अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया तो वहीं श्रीनगर के खानयार में सुरक्षाबलों ने दो से तीन आतंकियों को घेर लिया है। यहां रुक-रुकर फायरिंग जारी है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सुरक्षाबल आतंकियों को ठिकानों का पता लगाकर उनकी घेराबंदी करते दिख रहे हैं। वहीं वीडियो में ताबड़तोड़ फायरिंग और धमाकों की आवाज भी आ रही है। बताया जा रहा है कि खानयार में एक शीर्ष गैर स्थानीय कमांडर सहित 2 से 3 लश्कर आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है।.


# गृह मंत्री शाह का नाम लेने पर भड़का भारत

**» कनाडा को सुनाई खरी-खरी, कहा...गंभीर परिणाम होंगे...**

**» भारत के गृह मंत्री पर कनाडा के आरोप निराधारःविदेश मंत्रालय...**

**» भारत ने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को समन कर जताया कड़ा प्रतिरोध...**

**» भारतीय राजनयिकों की फोन टेपिंग से द्विपक्षीय संबंधों पर और असर होगाःविदेश मंत्रालय...**



**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024(ए)।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद और गहराता जा रहा है। पिछले दिनों में कनाडा के उप विदेश मंत्री की तरफ से इस मामले में संसदीय समिति की एक सुनवाई में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिये जाने को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस मामले में एक दिन पहले कनाडा के भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधि को विदेश मंत्रालय में समन कर भारत के गहरे रोष से अवगत कराया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मारीसन के उक्त बयान का कड़ा विरोध जताते हुए एक राजनयिक नोट भी सौंपा है। भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि मौजूदा ट्रू डो सरकार राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रही है और वह जो कदम उठा रही है उससे दोनों देशों के रिश्तों पर गहरा असर होगा।

### आग में घी डालने का काम किया कनाडा ने

कनाडा व भारत के लगातार बिगड़ते रिश्तों को हाल के दिनों में कनाडा सरकार के अधिकारी व एजेंसियों ने एक तरह से आग में घी डालने का काम किया है। उप विदेश मंत्री मारीसन के अलावा कनाडा की खुफिया एजेंसी ने एक ताजी रिपोर्ट में भारत को एक तरह से दुश्मन देशों की सूची में रखने का काम किया है। एजेंसी ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह कनाडा में रहने वाले खालिस्तानी अलगाववादियों की निगरानी के लिए साइबर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। इस पर जायसवाल ने कहा, यह भारत पर हमला करने की कनाडा की एक और रणनीति जान पड़ती है। कनाडा के वरिष्ठ अधिकारी खुलेआम यह बात स्वीकार कर रहे हैं कि वह भारत के खिलाफ वैश्विक मत बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भारत के खिलाफ बगैर किसी सबूत के लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं।

### भारत ने जताया कड़ा विरोध

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने यहां कहा, हमने कल कनाडा के उच्चायोग के प्रतिनिधि को समन किया था। 29 अक्टूबर, 2024 को एक राजनयिक नोट उन्हें सौंपा गया है। हमने बताया है कि एक समिति के समक्ष कनाडा के उप व विदेश मंत्री डेविड मारीसन की तरफ से भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में व्यक्त किये गये अनर्गल व निराधार संदर्भों को कड़ा विरोध करती है।उन्होंने कहा कि कनाडा के अधिकारी भारत को बदनाम करने व अन्य देशों को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को आधारहीन सूचना प्रदान करते हैं। इस तरह के गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

### कनाडा ने नहीं दिये कोई सबूतःभारत

जायसवाल ने यह बात फिर दोहराई है कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की सिंगापुर में कनाडा के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात हुई थी, लेकिन अभी तक कनाडा की तरफ सबूत का एक टुकड़ा भी भारत को नहीं दिया गया है। कनाडा सरकार की तरफ से दीवाली समारोह को रद्द किये जाने का फैसला भी भारत को नागवार गुजरा है। जायसवाल के मुताबिक, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा का मौजूदा माहौल अतिवाद और असहिष्णुता के इस स्तर पर पहुंच गया है।

### उच्चायोग के अधिकारियों की जासूसी की जा रहीः भारत

जायसवाल ने बताया, कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों की जासूसी की जा रही है। यह जानकारी कनाडा सरकार की तरफ से ही भारतीय अधिकारियों को दी गई है। उनके फोन को टेप किये जा रहे हैं। इस बारे में भी आधिकारिक तौर पर कनाडा सरकार के समक्ष विरोध जता दिया गया है कि यह राजनयिक समझौतों का खुला-खुला उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि यह कनाडा सरकार की तरफ से भयभीत करने और प्रताड़ित करने का तरीका है, जिसे वह तकनीकी तौर पर छिपाने की कोशिश कर रही है। हमारे राजनयिक पहले से ही काफी अतिवादी व हिंसक माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार के इस कदम से स्थिति और खराब हो गई है।

# राजकोषीय संतुलन ताक पर रख देते हैं राज्य





**» मुफ्त की रेवड़ियों ने खराब की छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों की वित्तीय हालत**

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024(ए)।** कोरोना महामारी के बाद केंद्र और राज्यों में राजकोषीय संतुलन बनाए रखने के प्रयास चल रहे थे। मगर खबर है कि कई राज्यों की वित्तीय स्थिति चिंताजनक है। इसका मुख्य कारण चुनावी वादे और उनके पालन से बढ़ता वित्तीय बोझ है। ये निष्कर्ष आर्थिक शोध एजेंसी एमके ग्लोबल की रिपोर्ट में सामने आए हैं।

### चुनावी वादों का वित्तीय बोझ

पिछले दो सालों में दस राज्यों में हुए चुनावों में लोक-लुभावन वादों का दौर चला। इन वादों को पूरा करने की कोशिश ने राज्यों के वित्तीय संतुलन को कमजोर किया है। कई राज्य अपनी राजस्व क्षमता को लेकर जरूरत से ज्यादा उम्मीदें रख रहे हैं, जो उन्हें आर्थिक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। मुफ्त की रेवड़ी बांटने की पुरानी परंपरा एमके ग्लोबल की चीफ इकोनॉमिस्ट माधवी अरोड़ा ने बताया कि राज्यों में चुनाव के दौरान मुफ्त सुविधाएं देने की परंपरा नई नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले दो दशकों में चुनावी वर्षों में 20 राज्यों का राजकोषीय घाटा उनके सकल घरेलू उत्पादन (एसजीडीपी) के मुकाबले औसतन 0.5 प्रतिशत अधिक रहा।

### राजकोषीय घाटे के मामले में ये राज्य सबसे आगे

चुनावी सालों में राजस्व व्यय औसतन 0.4 प्रतिशत बढ़ता देखा गया। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी वर्षों के दौरान राजकोषीय घाटे की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर रही है।

### कर्ज की ओर बढ़ते कदम

रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले समय में राज्यों द्वारा अधिक कर्ज लिए जाने की संभावना है। राज्यों की उधारी पहले से बढ़ रही है, और इस वर्ष इसमें 8-10 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। वित्त वर्ष 2025 तक कुल उधारी 11 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक होगी।

### सब्सिडी बिल में बढ़ोत्तरी का असर

2024-25 के बजट में राज्यों का संयुक्त सब्सिडी बिल 3.7 लाख करोड़ रुपये आंका गया है,जो उनके कुल राजस्व संग्रह का लगभग 8.6-8.7 प्रतिशत है। इतना बड़ा सब्सिडी बिल पिछली बार केवल कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020-21 में देखा गया था। पिछले एक साल में सब्सिडी बिल में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका मुख्य कारण चुनावी वादों के तहत दी जा रही मुफ्त सुविधाएं हैं।




# भूकंप के झटकों से कांपी धरती

**» 5 सेकंड तक हिलती रही धरती...**

**» घरों से बाहर निकले लोग...**

**रांची,02 नवम्बर 2024(ए)।** झारखंड में शनिवार सुबह भूकंप के झटकों से लोग सहम गए। सुबह करीब 9:20 बजे आए भूकंप के झटके करीब 5 सेकंड तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई है। भूकंप का केंद्र खरसावां जिले से 13 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है।भूकंप के झटके जमशेदपुर रांची के तमाड़ समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।विशेषज्ञों के अनुसार, भूकंप का कारण टेक्टोनिक प्लेटों का आपस में टकराना है। पृथ्वी टेक्टोनिक प्लेट्स पर स्थित है, जो तरल लावा पर तैरती रहती हैं। इन प्लेटों के टकराने से ऊर्जा निकलती है, जिससे धरती हिलती है और भूकंप आता है।

# राज्यस्तरीय गोवर्धन पूजा में सीएम की घोषणा

**» गोवंश पालन-पोषण का खर्च उठाएगी सरकार, पालकों को मिलेंगे क्रेडिट कार्ड**



**भोपाल,02 नवम्बर 2024(ए)।** मध्य प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए। सीएम ने भगवान गोवर्धन की विशेष पूजा अर्चना कर घोषणा की के गोवंश के पालन पोषण का खर्च सरकार उठाएगी साथ ही गोपालकों को क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। बता दें कि गोवर्धन पर्व के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व पर केन्द्रित इस आयोजन में गोसंस्कृति, परिवेश के प्रदर्शन और स्वास्थ्य आधारित लाभों पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से पंचगव्य उत्पाद, गोशिल्प उत्पाद, कृषि आधारित उत्पाद और दैनिक उपयोग के उत्पाद के आर्थिक महत्व को प्रदर्शित किया गया था।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा की सच्चे अर्थों में किसानों की दिवाली गोवर्धन पूजा के साथ ही मनती है। गाँव की संस्कृति गाय की संस्कृति का अनुभव ही अलग है। वेदो की माध्यम से भी हमे यह शिक्षा मिलती है माँ और गाय हमेशा ही पूज्यनीय है। सीएम ने कहा की भारत की देशी नस्ल गाय सबसे बेहतर है। डॉ यादव ने कहा की मेरे घर के अंदर का अनुभव बता रहा हूँ..मेरे घर मे मालवी गाय थी, उससे कभी भी दूध निकाल लो.सीएम ने कहा की गौ वंश में हम तीससे नंबर पर हैं.आने वाले समय में हम नंबर वन पर आएंगे संकल्प कर रहे हैं। दूध उत्पादन पर भी हम बोनस ले रहे है।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में कारतूस मिलने से हड़कंप




**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024(ए)।** देश में लगातार बढ़ती हवाई यात्रा सुरक्षा चिंताओं के बीच एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एयर इंडिया की दुबई से दिल्ली आने वाली उड़ान में एक सीट की जेब से एक कारतूस मिला है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में भारतीय एयरलाइंस को बम धमकियों के कई मामले सामने आए हैं।एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 27 अक्टूबर को उड़ान संख्या,द्ब 916 दिल्ली पहुंची और जांच के दौरान यह कारतूस मिला। हालांकि, इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने इस मामले की सूचना तुरंत एयरपोर्ट पुलिस को दे दी है। यह घटना हवाई यात्रा सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# ट्रैक साफ कर रहे चार सफाईकर्मियों को ट्रेन ने रौंदा,चारों की मौत,एक का शव तक नहीं मिल रहा



**पलक्कड़ ,02 नवम्बर 2024(ए)।** केरल एक्सप्रेस ने शनिवार शाम को शोरानूर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर काम कर रहे चार सफाई कर्मचारियों को टक्कर मार दी, जिससे सभी की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली-तिरुवनंतपुरम जाने वाली केरल एक्सप्रेस दोपहर करीब 3.05 बजे शोरानूर पुल के पास रेलवे ट्रैक से कचरा साफ कर रहे इन कर्मचारियों से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सभी कर्मचारी पुल से नीचे गिर गए।पुलिस ने बताया कि तीन शवों को बरामद कर लिया गया है, जबकि एक शव की तलाश जारी है। संदेह है कि यह शव भारतपुझा नदी में बह गया होगा। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, यह दुर्घटना हो सकती है कि कर्मचारियों ने आती हुई ट्रेन को नहीं देखा हो। हालांकि,घटना की जांच जारी है। मृतक सभी तमिलनाडु के रहने वाले थे और रेलवे द्वारा सफाई कार्य के लिए नियुक्त किए गए थे। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# प्रशांत किशोर ने किया बड़ा खुलासा



**» दस राज्यों में मेरी बनाई सरकारें...**

**» चुनावी सलाह के लिए लेते थे करोड़ों रुपये...**

**पटना,02 नवम्बर 2024(ए)।** जनसुराज के संयोजक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। बिहार के बेलागंज में एक रैली के दौरान उन्होंने बताया कि जब वह किसी राजनीतिक दल या नेता के लिए चुनावी रणनीति बनाते थे, तो उनकी फीस 100 करोड़ रुपये से अधिक होती थी। इस बयान से राजनीतिक हलकों में चर्चा गर्म हो गई है।

### बिहार उपचुनाव में जनसुराज की पहली भागीदारी

प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने बिहार के चार विधानसभा क्षेत्रों बेलागंज, इमामगंज, रामगढ़, और तरारी में होने वाले उपचुनाव में उम्मीदवार उतारे हैं। यह पहली बार है जब जनसुराज बिहार में किसी चुनावी मुकाबले में उतरी है। प्रशांत किशोर लगातार जनसभाएं कर जनता को अपनी पार्टी के उद्देश्यों से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### पहली बार किया फीस का खुलासा

बेलागंज की रैली में किशोर ने बताया कि उनसे अक्सर पूछा जाता है कि उनका चुनावी अभियान कैसे फंड किया जाता है। इस पर उन्होंने पहली बार अपनी फीस के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा कि जब वह किसी पार्टी के लिए काम करते थे, तो उनकी फीस 100 करोड़ रुपये से अधिक होती थी। इस बयान से उनके विरोधियों के सवालों पर विराम लग गया है।

### दस राज्यों में सफल रणनीति का दावा

प्रशांत किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सलाह से बनाई गई सरकारें आज देश के दस राज्यों में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा, जब हमारी बनाई सरकारें दस राज्यों में चल रही हैं, तो अपने अभियान के लिए साधन जुटाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

## संपादकीय

# भारत सरकार का कड़ा इम्तहान

अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क, और प्रकारांतर में अमेरिका की नाराजगी मोल लेगी?कंपनियों को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम कैसे दिया जाए, इस मुद्दे पर भारत सरकार का कड़ा इम्तहान है। वजह यह कि विदेशी और देशी कंपनियां आमने-सामने खड़ी हो गई हैं। फिलहाल भारत सरकार का रुख दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के हक में झुका लगता है। इस रुख का समर्थन अमेजन कंपनी भी कर रही है। मगर इस रुख के खिलाफ भारत में दूरसंचार क्षेत्र की दो सबसे बड़ी कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरएटल ने मोर्चाबंदी कर ली है। पहले एयरटेल का रुख भी यह था कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का भारत सरकार प्रशासनिक आवंटन करे। लेकिन इस हफ्ते अचानक रुख बदलते हुए उसने रिलायंस जियो की इस मांग का समर्थन कर दिया कि इस स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए। मस्क भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने की तैयारी में हैं।इस क्षेत्र में उनका मुकाबला भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो और अब भारती एयरटेल के मालिक सुनील मित्तल से भी है। नरेंद्र मोदी सरकार के बारे में गहरी धारणा है कि उसकी नीतियों को तय करने में अंबानी समूह की मर्जी महत्त्वपूर्ण होती है। लेकिन इस मामले में अब तक उसका रुख इस समूह की इच्छा के खिलाफ है। यहां तक कि रिलायंस ने प्रशासनिक आवंटन होने की स्थिति में कोर्ट में जाने का इरादा जता रखा है।इसके बावजूद दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस हफ्ते कहा कि स्पेक्ट्रम को भारतीय कानूनों के मुताबिक प्रशासकीय रूप से आवंटित किया जाएगा और इसकी कीमत टेलीकॉम नियामक तय करेगा। उनके इस बयान का इलॉन मस्क ने सार्वजनिक रूप से स्वागत किया है। अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क की नाराजगी मोल लेगी? मस्क इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में ट्रंप जीतते हैं, तो मस्क के प्रभाव में और बढ़ोतरी होगी। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत सरकार के सामने कठिन चुनौती है।

## भाई दूज पर विशेष

# भाई-बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व है भाई दूज



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,नई दिल्ली



आमतौर पर दीपावली के दो दिन बाद अर्थात् कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले भाई दूज पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि इस वर्ष दीवाली 31 अक्तूबर को मनाई गई है और भाई दूज पर्व 3 नवंबर को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर शुरू होकर 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर रहेगी। इसलिए भाई दूज का पर्व 3 नवंबर को ही मनाया जाएगा। भाई दूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 10 मिनट से दोपहर 3 बजकर 21 मिनट तक है। बहुत से भाई इस दिन सौभाग्य तथा आयुष की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है।

भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए।

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भाई दूज' का पर्व मनाया जाने लगा।

भाई दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है।जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई।

सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया। भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढ़ेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया।

भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही 'भाई दूज' पर्व मनाया जाता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भारत के टीकाकरण कार्यक्रम को अत्याधुनिक डिजिटल बढ़ावा

बीमारियों को रोकने में टीकों की भूमिका वर्ष 1796 से ही अहम साबित होती आ रही है,जब जानलेवा बीमारी चेचक के विरुद्ध पहला टीकाकरण किया गया था। पिछले 50 सालों में ही टीकों से वैश्विक स्तर पर 15 करोड़ से अधिक लोगों की जानें बचाई गई हैं, जो प्रत्येक वर्ष प्रति मिनट 6 लोगों की जान बचाने के बराबर है। जीवन रक्षा भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का एक प्रमुख अभियान है। प्रत्येक वर्ष 2.6 करोड़ से ज़्यादा नवजात शिशुओं को यूआईपी के तहत खसरा, डिप्थीरिया, पोलियो आदि 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाए जाते हैं। ये रोग जीवन के लिए ख़तरा हो सकते हैं या बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यद्यपि, यह कार्यक्रम वर्ष 1985 में शुरू हुआ था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसका अधिक तेजी से विस्तार हुआ है। भारत सरकार के मिशन इंद्रधनुष जैसे सघन अभियानों के परिणामस्वरूप टीकाकरण कवरेज 90त्न से अधिक तक बढ़ गई है। तथापि, 100त्न टीकाकरण कवरेज हासिल करने के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कुछ क्षेत्रों और समुदायों में टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट से लेकर पलायन के कारण बीच में ही टीकाकरण छोड़ देने जैसे कई ऐसे कारण हैं जिनसे कुछ बच्चों का टीकाकरण आंशिक रूप से ही हो पाता है या बिल्कुल नहीं हो पाता। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और हर बच्चे और गर्भवती महिला का टीकाकरण करने के मिशन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता जताई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण कवरेज का अधिकतम विस्तार करने के लिए यू-विन (यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम-विन) नामक एक तकनीकी समाधान की परिकल्पना की है। यू-विन एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो पूरे भारत में सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकृत और मॉनिटर करता है। यू-विन अनिवार्य रूप से एक नाम-आधारित रजिस्ट्री है, जो कहीं भी, कभी भी टीकाकरण की सुविधा प्रदान करती है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस प्लेटफ़ॉर्म पर टीकाकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इसमें कई विशेषताएं मौजूद हैं। गर्भवती महिलाएँ यू-विन ऐप या पोर्टल के ज़रिए खुद को पंजीकृत कर सकती हैं या पंजीकरण के लिए निकटतम टीकाकरण केंद्र में जा सकती हैं। एक बार पंजीकृत होने के बाद स्वास्थ्य परिचर गर्भवती महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण टीकाकरण को ट्रैक कर सकते हैं, प्रसव के परिणामों को रिकॉर्ड कर सकते हैं, नवजात शिशु को पंजीकृत कर सकते हैं जिससे कि उनका भी टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया जा सके। इस टीकाकरण-कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रबंधक तब तक ट्रैक कर सकते हैं, जब तक कि बच्चा 16 वर्ष का न हो जाए। यू-विन से माता-पिता और अभिभावकों को काफी सुविधाएं मिलती हैं, जिनसे वे देश में कहीं भी टीकाकरण सेवाओं तक पहुँच सकते हैं और सिर्फ़ एक बटन क्लिक करके अपने बच्चों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म पर अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है,जो प्रवासी कामगारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। यू-विन 11 भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे प्लेटफ़ॉर्म की पहुँच और अधिक व्यापक हो गई है। रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इसकी एक अन्य प्रमुख विशेषता है। हर बार जब कोई सत्यापित लाभार्थी टीका लगवाता है, तो तत्समय डिजिटल टीकाकरण का रिकॉर्ड बन जाता है। लाभार्थियों को एक डिजिटल पावती और एक क्यूआर-आधारित प्रमाण-पत्र भी मिलता है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है और चलते-फिरते सत्यापन के लिए मोबाइल डिवाइस पर संग्रहित किया जा सकता है, जो विशेष रूप से स्कूल में प्रवेश और यात्रा के लिए उपयोगी होता है।इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म आगामी टीकाकरण की खुराकों के लिए एसएमएस द्वारा सूचना और अनुस्मारक भेजता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि अभिभावक और स्वास्थ्य परिचर्याकर्मी खुराकों के बीच निर्धारित न्यूनतम अंतराल का पालन करें।यू-विन एक इंटीग्रेटर के रूप में कार्य करता है,जो माता-पिता/अभिभावकों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य परिचर्या कर्मियों और व्यापक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को एक ही मंच पर लाता है। यू-विन के माध्यम से पूरे देश में टीकाकरण की प्रगति एवं कवरेज की प्रभावी निगरानी आसानी से की जा सकती है। यू-विन के लाभार्थियों द्वारा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) एवं शिशु आभा आईडी बनायी जा सकती है। इससे रोगी की पूर्व सहमति से उसकी चिकित्सकीय जानकारी चिकित्सा पेशेवरों को उपलब्ध हो सकती है। इससे चिकित्सा पेशेवरों द्वारा एक ही नज़र में रोगी के पूर्व-चिकित्सा विवरण को समझकर उसके इलाज के परिणामों में सुधार लाया जा सकता है। यू-विन टीकाकरण की देय सूची बनाने में एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की भी सहायता करता है और लाभार्थियों को समय पर टीका लगाना सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रयासों में सहयोग करता है। पिछले 10 वर्षों में, भारत ने स्वास्थ्य परिचर्या में क्रांति लाने के लिए देश में ही विकसित स्वास्थ्य प्रणालियों पर भरोसा किया है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन) ने टीकों को प्राप्त करने, संग्रहीत करने और अंतिम छोर तक वितरित करने के तरीके को बदल दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान, दुनिया ने भारत के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम हेतु आधारभूत प्रौद्योगिकी को-विन की सफलता देखी, जिसने 18 महीने से भी कम समय में कोविड-19 टीकाकरण की 220 करोड़ खुराकें लगाने में मदद की। अब यू-विन से टीकाकरण सेवाओं का समस्त परिदृश्य परिवर्तन के लिए तैयार है, जिससे टीकाकरण कवरेज में काफी सुधार होगा। भारत जैसे-जैसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है,सुदृढ़ टीकाकरण कार्यक्रमों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता सिर्फ एक स्वास्थ्य पहल नहीं है-बल्कि यह भविष्य के लिए एक आधारभूत निवेश है। उन्नत डिजिटल अवसंरचना और व्यापक जन स्वास्थ्य कार्यनीतियों के माध्यम से अपने सबसे कम उम्र के नागरिकों के टीकाकरण को प्राथमिकता देकर भारत न केवल रोकथाम योग्य बीमारियों से लड़ रहा है, बल्कि एक स्वस्थ, और आर्थिक रूप से सक्षम आबादी को भी बढ़ावा दे रहा है। ये प्रयास एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं, जहाँ कोई भी बच्चा जीवन रक्षक टीके लगवाने से वंचित न रहे, चाहे वह जम्मू और कश्मीर के बर्फीले क्षेत्रों में हों, कच्छ के रेगिस्तान में, अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं पर या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के नीले पानी से घिरे गाँवों में रहता हो।



**-जगत प्रकाश नड्डा-**

# ब्रिक्स में मोदी के रूख अंहम और विचारणीय



लाख टके का सवाल है कि भारत का रूपया चीन की युआन, रूस के रूबल करेंसी के लेन-देन में सुरक्षित है या डालर की व्यवस्था में? आजादी के बाद विश्व व्यापार में भारत का डालर में लेन-देन क्या भरोसेमंद या सुरक्षित था या नहीं? और यदि सुरक्षित था तो वह क्यों चीन-रूस की युआन-रूबल की नई विश्व लेन-देन व्यवस्था का ग्राहक या साझेदार बने? क्या चीनी वर्चस्वता की व्यवस्था में भारत की व्यापारिक-आर्थिक संप्रभुता को अधिक गारंटी होगी? यह सवाल कजाक की ब्रिक्स बैठक में पुतिन, शी जिन पिंग के एजेंडे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूख में अंहम और विचारणीय है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मिसाल दी कि रूस और चीन अब अपना 95 प्रतिशत व्यापार रूबल और युआन में कर रहे है। उन्हे अमेरिकी डालर केंद्रीत अंतरराष्ट्रीय लेन देन व्यवस्था, स्विफ्ट की जरूरत नहीं है।सवाल है पुतिन को ऐसी लॉबिग करने की जरूरत क्यों है? इसलिए क्योंकि यूक्रेन की लड़ाई के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदियां लगाई है। वही चीन अपने आर्थिक साम्राज्य, भविष्य की सभ्यतागत धुरी के उद्देश्यों में, दुनिया के स्थाई नबर एक औद्योगिक कारखाने, व्यापार की नंबर एक हैसियत में स्वभाविक तौर पर सालों से चाह रहा है कि वैश्विक लेनदेन में डालर की जगह उसकी युआन करेंसी का उपयोग हो।कजाक की ब्रिक्स बैठक का यह प्रमुख उद्देश्य था। लेकिन गनीमत है जो भारत और ब्राजिल चीन के असली मकसद (वर्चस्वता) को लेकर सर्तक है। चीन ने पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ( बीआरआई) और अब ब्रिक्स के नाम पर नई वैश्विक वित्तिय व्यवस्था का तानाबाना बनाया है। भारत उससे बचता, दूर रहता दिख रहा है। और यह सही है। कोई हर्ज नहीं है जो दो देश अपनी-अपनी करेंसी में एक-दूसरे याकि द्विपक्षीय आधार पर व्यापार करें। रूस और भारत में दशकों रूबल और रूपए में लेनदेन रहा है। अभी भी है। लेकिन भारत कैसे चीनी करेंसी युआन की प्राथमिकता में अपना लेनदेन बना सकता है? रूस, चीन, पाकिस्तान जैसे मवाली देशों की करेंसियों के एक्सचेंज में रूपए को क्यों बांधे? पहली बात इन करेंसियों में वैश्विक पैमाने की संपदा और लेनदेन नहीं है। दूसरे रूस और चीन जब व्यवहार में मवालीपना, देशों की एकता-अखंडता में हमलावर, वर्चस्ववादी, आंतकवाद के पोषक तथा हवाला लेन-देन वाले है तो इनकी टोकरी में अपने रूपए को रख भारत कितनी जोखिम मोल लिए हुए होगा? चीन और रूस नियंत्रित किसी भी सिस्टम में पारदर्शिता क्या हो सकती है, इसे समझना मुश्किल नहीं है।हकीकत है कि एक योरोपीय देश बेल्जियम से संचालित अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम की पारदर्शिता पर कभी ऊंगली नहीं उठी। इसकी करेंसी डालर है। इसलिए आंतकवाद, रूस-चीन-पाकिस्तान जैसे मवाली देशों के दो नंबरी या आंतकवादी फंडिग की लेन-देन का पता लग जाता है। कल्पना करें, इसकी जगह मास्को या बीजिंग में युआन करेंसी के अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम में काम हुआ तो उससे भारत क्या आंतकी फंडिग का सही ब्यौरा पा सकेगा? यह एक्सचेंज रूपए की रेट में उतार-चढ़ाव में लगड़ी मारते हुए क्या नहीं होगा? अन्य शब्दों में नए अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम में भारत के लिए सुरक्षा, भरोसे, पारदर्शिता की क्या गारंटी है? सही है मौजूदा स्विफ्ट व्यवस्था में डालर के कारण अमेरिका का रूतबा है। अमेरिका और पश्चीमी देश हमलावर रूस पर पाबंदी लगाते है या आंतकवादी संगठनों के खिलाफ जंग का ऐलान करते है तो रूस और आंतकी संगठनों की सचमुच कमर टूटती है लेकिन उससे भारत को नुकसान है या लाभ? क्या भारत को सीमा पर चीन, पाकिस्तान के मवालीपने का अनुभव नहीं है? क्या आंतकियों का उसे स्थाई खतरा नहीं है? फिर इस सत्य की भी कैसे अनदेखी हो सकती है कि विश्व व्यापार का अस्सी प्रतिशत लेनदेन, बिलिंग डालर में हो रही है वहीं दुनिया भर के बैंकों का विदेशी मुद्रा कोष 60 प्रतिशत डालर करेंसी में रिजर्व है।इसलिए अच्छा हुआ, जो कजाक में पुतिन-शी जिन पिंग के वेकल्पिक अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्साह नहीं दिखाया।

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कविता

# कुचल दिया भरोसा ले गया विश्वास निकाल...



घटती-घटना
रवीन्द्र कुमार शर्मा
बिलासपुर, हिमाचलप्रदेश

सुना था शहर में मिलता है फसल का अच्छा दाम
यही सोच कर निकल पड़ा गांव से एक किसान
दो घंटे की उतराई सिर पर बेचने के लिए कुछ सामान
जा पहुंचा भटकते भटकते सामने दिखी आढ़ती की दुकान
इतने में सामने से आ गया एक लड़का जवान
हाव भाव उसके देखकर लिया उसने यह जान
देहाती है पहली बार पहुंचा है गांव से शहर
पांव छुए उसके दिया बहुत इज्जत मान
इतना अपनापन क्यों जता रहा है यह अनजान
समझ नहीं पाया सीधा साधा भोला वह किसान
बातों ही बातों में फैलाया उसने ऐसा जाल
ऐसा लगा उसको जैसे बरसों की है पहचान
थोड़ी देर बात करके किसान को चंगुल में फंसाया
अच्छे दामों की बात करके उसका सामान उठाया
किसान को सड़क के किनारे पैरापिट पर बिठाया
माथा ठनका किसान का बहुत देर तक जब वह नहीं आया
थोड़ी देर में एक भद्रपुरुष उधर से गुजरा
नज़र पड़ी उसकी गुमसुम बैठा था किसान
पूछा उसने क्यों भाई क्या हुआ क्या है बात
सुन कर उसकी बात बहुत हुआ हैरान
ठग था वह लड़का चल गया था अपनी चाल
अपना बन कर लूट लिया था किसान का सारा माल
पछता रहा था क्यों आया शहर बेचने सामान
कुचल दिया भरोसा ले गया विश्वास निकाल

## कविता

# गोवर्धन पूजा



घटती-घटना
मोनिका डागा आनंद
चेन्नई,तमिलनाडु



जय जय जय गिरिराज आए हम शरण तिहारी,
जय हो महाराज तुमसा ना कोई और हितकारी,
रक्षा हेतु नख पर गोवर्धन उठाया हे गोवर्धन धारी,
तुमसा ना कोई और दयालु जाऊं तुम पर बलिहारी ।
कन्हैया, कृष्ण, यशोदा नंदन, हे राधा रमण बिहारी,
भक्तों की कामना पूरी करते माधव मुकुंद मुरारी,
इंद्र का मान भंग किया हे लीलाधर पीताम्बरधारी,
कमलनयन रसिक मनोहर वासुदेव हरि बंशीधारी ।
पुकार सुन द्वापर युग में प्रगटे जग पालन हारी,
गौ सेवक, रक्षक, पालक, गोविंद आनंद कारी,
माखन मिश्री भावे नंदनंदन कानुड़ा जय गिरधारी,
श्रीजी चरण रज , मैं शीश सजाऊं दासी तुम्हारी ।
वैजन्ती माला कंठ हार, मुक्तामणि कौस्तुभ धारी,
तुमने दुष्टों को मारा, भक्तों को तारा सुदर्शन धारी,
नाग नथईया वंशी बजईया सर्वांग सुंदर कामणगारी,
भक्तों के कष्ट हरते श्याम सुंदर प्रभु कल्याणकारी ।
मधुर मधुर अष्टाक्षर मंत्र श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी,
जपे जो श्रद्धा भक्ति भाव से हो जीवन फिर सुखकारी,
सात कोस गोवर्धन परिक्रमा करूं गाऊं गीत तुम्हारी,
नाथ तुम सुखों की छईया जीवन प्राण मेरे हे त्रिपुरारी ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।







# सूरजपुर जिले के तमोर पिंगला अभ्यारण्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला

» **वर्दीधारी ठेकेदार सक्रिय, निर्माण कार्यों में लगे वाहन भी इन्हीं के और बिल भी इन्हीं के**

» **बांध निर्माण के दौरान हजारों हरे-भरे पेड़ों की दे दी गई बलि,वन विभाग के आला अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

-सोनू कश्यप-

**प्रतापपुर,02 नवम्बर 2024(घटती-घटना)।** तमोर पिंगला अभ्यारण्य क्षेत्र,जो कि सरगुजा वनवृत्त के अंतर्गत आता है और एलिफेंट रिजर्व के रूप में भी जाना जाता है, वहां पर वन्यजीवन की सुरक्षा व संरक्षित वन्य क्षेत्र की सुरक्षा के बजाय भ्रष्टाचार और अधिकारियों की निष्क्रियता के कई गंभीर मामले सामने आए हैं। इस अभ्यारण्य क्षेत्र में वर्दीधारी ठेकेदार अपनी ठेकेदारी का साम्राज्य स्थापित कर चुके हैं। वन संरक्षण का दायित्व रखने वाले इन वर्दीधारी अधिकारियों का मुख्य ध्यान अब वन संरक्षण पर कम और ठेकेदारी के काम पर अधिक हो गया है।

**वन विभाग के निर्माण कार्यों में तमोर पिंगला अभ्यारण्य बन चुका है भ्रष्टाचार का अड्डा**

वन्य अभ्यारण्य तमोर पिंगला में पानी की सुविधा, सड़क और पुल निर्माण जैसे कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिल रही है। इन कार्यों के लिए करोड़ों रुपये का बजट आवंटित हुआ, लेकिन निर्माण गुणवत्ता के नाम पर सिर्फ कागजी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। यहां तक कि बरसात के बाद बड़े बांधों में दरारें आने लगती हैं, जो निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करते हैं।

गौरतलब है कि इस क्षेत्र में पूर्व के कई प्रभारी रेंजर ठेकेदारी के क्षेत्र में मशहूर रहे हैं,जिन्होंने अपने मूल कर्तव्यों को छोड़कर अपने निजी उपकरणों, जैसे जेसीबी मशीनों को दिन-रात निर्माण कार्य में लगा दिया। यह ठेकेदारों का ऐसा जाल है जहां अधिकारी खुद अपने वाहनों का उपयोग कर रहे हैं और बिल भी अपने नाम से ही पास करवा रहे हैं। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर अधिकारी नियमों का उल्लंघन कर जानकारी देने से बचते हैं, ताकि उनके भ्रष्टाचार का पर्दाफाश न हो सके।



**कैम्पा मद में 11.49 करोड़ की राशि और घोटालों का जाल**

अभ्यारण्य क्षेत्र में कैम्पा मद से वन्यजीवन के संरक्षण और विकास के लिए 11.49 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। यह राशि क्षेत्र के 57 नालों के विकास और पानी की सुविधाएं जुटाने के लिए दी गई, लेकिन इस फंड में भी जमकर घोटाला हुआ है। सूत्रों के अनुसार, निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार किया गया है, जो जांच का एक गंभीर विषय है।

**वन्यजीवन का अस्तित्व संकट में...**

तमोर पिंगला अभ्यारण्य के संरक्षित क्षेत्रों में निर्माण कार्य के दौरान हजारों हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। GPS कक्ष क्र. 814 में करोड़ों रुपये की लागत से बनाए जा रहे बांध के निर्माण में बेतरतीब पेड़ काटे गए हैं, जो कि वन्यजीवन और पर्यावरण संरक्षण के नियमों का खुला उल्लंघन है। यह स्थिति और भी चौंकाने वाली तब होती है जब यह ज्ञात होता है कि अभ्यारण्य क्षेत्र में एक सूखी लकड़ी को भी शासन की अनुमति के बिना नहीं काटा जा सकता, लेकिन हजारों पेड़ बिना किसी डर के काट दिए गए।

**मुख्यालय से दूर जनता के लिए नहीं उपलब्ध रहते अधिकारी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि तमोर पिंगला अभ्यारण्य के अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में मौजूद नहीं रहते, जिससे आम जनता को शिकायत दर्ज कराने या मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर नहीं मिलता। यहां तक कि जनता की तरफ से कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन उच्च अधिकारी इस पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे बैठे हैं। ग्रामीणों ने साफ-साफ चेतावनी दी है कि अब वे इस तरह के भ्रष्टाचार और अनदेखी को बर्दाश्त नहीं करेंगे और आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं।

**अधिकारियों की खामोशी और जनता का आक्रोश**

वर्दी के आड़ में काम कर रहे इन ठेकेदारों ने शासन की तिजोरी पर बड़ा हाथ साफ किया है, और उच्च अधिकारी अपने आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं। तमोर पिंगला अभ्यारण्य की ग्रामीण जनता अब इस भ्रष्टाचार और अधिकारियों की अनदेखी के खिलाफ आवाज उठा रही है। जनता का मानना है कि अब इन वर्दीधारी ठेकेदारों और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई नहीं होने पर उच्चन्यायालय की शरण में जाएंगे।

**निष्कर्ष**

तमोर पिंगला अभ्यारण्य, जो कि वन्यजीव संरक्षण के लिए सुरक्षित घोषित क्षेत्र है,वहां आज भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि वन्यजीवन का अस्तित्व संकट में आ गया है। जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र में जारी अनियमितताओं की जांच की जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस विषय में तमोर पिंगला वन अभ्यारण एलिफेंट रिजर्व सरगुजा डीएफओ टी श्रीनिवास ने कहा कि पूरे मामला की जांच होगी तथा अजय सोनी गेम रेंजर की बहुत सारी शिकायत आ रही है जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार करने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाएगा

# बस चोरी कर ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार


-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024(घटती-घटना)।** बस चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिवाली की रात को शहर के खरसिया नाका स्थित पेट्रोल पंप के पास से चोरी ले गया था। आरोपी उक्त बस में खलासी का काम कर चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



जावेद आलम शहर के खरसिया नाका का रहने वाला है। वह रिपोर्ट दर्ज कराई की 31 अक्टूबर को शमीम बस क्रमांक सीजी 15 एबी 1155 को चालक व कंडक्टर कुनकुरी से वापस लाकर खरसिया नाका स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ी कर चले गए थे। 1 नवंबर को चालक व कंडक्टर पेट्रोल पंप के पास जाकर देखते तो बस नहीं थी। पता तलाश करने पर कुछ जानकारी नहीं मिली। बस मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस जानकारी मिली की उक्त बस को रायगढ़ रोड की ओर से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। पुलिस तलाशी करते हुए रायगढ़ मार्ग पहुंची तो चिरगा मोड़ के पास उक्त बस खड़ी मिली और बस में संदेही सुखनंदन खाख पिता जगमोहन उम्र 20 वर्ष निवासी पोकसरी चिपरकाया थाना बतौली मिला। उक्त बस के बारे में पूछताछ करने पर वह चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बस जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक लालभुवन सिंह, विवेक राय, नितिन सिन्हा शामिल रहे।

# अज्ञात कारण से फांसी लगाकर युवक ने दी जान



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024(घटती-घटना)।** शहर के बौरीपारा निवासी एक युवक ने दिवाली के दूसरे दिन अपने कमरे में फांसी लगा ली। इधर युवक का भाई अपने दोस्त के साथ घर के आंगन में त्योहार मना रहे थे। जानकारी पर परिजन ने उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शबर के बौरीपारा निवासी सुशील कुजूर (19) पिता महेश्वर 1 नवंबर की दोपहर अचानक स्वयं को कमरे में बंद कर लिया। इस दौरान इसका भाई अपने दोस्तों के साथ त्योहार मना रहा था। भाई का दोस्त फुलेश्वर घरवालों को बताया कि सुशील स्वयं को कमरे में बंद कर लिया है और खोल नहीं रहा है। परिजन आए और खिडक़ी से झांककर देखे तो वह फंसी लगा लिया था। परिजन दरवाजा तोडक़र उसे फंदे से उतारे और इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शराब पीने मांग रहा था रुपए नहीं देने पर पिता को पीटा,आरोपी गिरफ्तार



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं दिया तो नाराज बेटे ने पिता की हाथ-मुक्के व डंडे से बेदम पिटाई कर दी। पीता ने वारदात की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर निवासी संतोषी राम यादव का बेटा उमेश्वर शराब पीने का आदि है। वह अक्सर शराब पीने के लिए पिता से रुपए मांगा करता है। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट व झगड़ा विवाद करने लगाता है। 29 अक्टूबर को उमेश्वर नशे की हालात में घर आया और पिता से और शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा। पिता द्वारा रुपए देने से मना करने पर उसके साथ विवाद करने लगा। इस दौरान बेटा ने हाथ-मुक्के व डंडे से पिता की बेदम पिटाई कर दी। इससे वह जख्मी हो गया। पिता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 117(2), 119(2) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# कायस्थ समाज ने निकाली शोभायात्रा,चित्रगुप्त पूजा आज

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।** कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त पूजा की पूर्व शुक्रवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चित्रगुप्त मंदिर गुदरी बाजार से निकलकर गुरुनानक चौक,महामाया चौक,देवीगंज रोड, घड़ी चौक से जोड़ा पीपल होते पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं रविवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा गुदरी बाजार स्थित चुत्रगुप्त मंदिर में की जाएगी। इस दौरान काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

# दीपोत्सव से सजावट कर विधायक निवास में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 24वीं वर्षगांठ

» **क्षेत्र व प्रदेशवासियों को अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने दिया राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ...**

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल द्वारा अपने निवास स्थान में दीप जलाकर एवं दीपक से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का बहुत ही आकर्षित और भव्य सजावट कर राज्य की तरक्की की कामना करते हुए क्षेत्र व प्रदेश के नागरिकों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की ढेरों बधाईयां एवं शुभकामनाएं दिया । राजेश अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपाई जी को याद करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य का उनके द्वारा निर्माण किया गया था जिसे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विकास की और विकसित किया जा रहा हैं । 2047 तक भारत देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य भी विकसित होने जा रहा हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार का बहुमूल्य योगदान हैं और जो भी बन सके गा ऐसा विधायक अग्रवाल द्वारा किया जाएगा । राजेश अग्रवाल लगातार छेत्र के लोगो के विकास के लिए सक्रिय हैं एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति से अलग लगाओ में उनको देखने को मिलता हैं । सभी उपस्थित लोगों को उत्सव की तरह मिठाई खिलाकर एवं दीप जलाकर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस बनाया गया । इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे ।




# गुदरी बाजार से दो लोगों की मोबाइल चोरी,खाते से रुपए पार

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,02 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।** मोबाइल चोरी कर रुपए आहरण करने का मामला सामने आया है। मोबाइल चोरी कर दो लोगों से धाखधड़ी की गई है। दोनों पीड़ितों ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



सुशील गुप्ता कोतवाली थाना क्षेत्र के केनाबांध का रहने वाला है। वह 29 अक्टूबर की शाम को सब्जी खरीदने गुदरी बाजार गया था। सब्जी खरीदने के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने इसकी मोबाइल चोरी कर ली। दो दिन बाद उसी नंबर का दूसरा सीम खरीदकर दूसरे मोबाइल में लगाया और अपना फोन पे चालू किया। इसके बाद फोन पे के माध्यम से अपने बैंक खाते को चेक किया तो पता चला कि 25-25 हजार रुपए तीन बार में व चौथी बार में 24 हजार 500 रुपए कुल 99 हजार 500 रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांजेक्शन किया गया है। सुशील ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। दूसरी घटना शहर के दत्ताकालोनी निवासी लखनलाल मरावी भी 29 अक्टूबर को सब्जी खरीदने गुदरी बाजार गया था और इसकी मोबाइल चोरी हो गई थी। 1 नवंबर को जब वह एटीएम मशीन से अपना बैंक का स्टेटमेंट निकाला तो 30 अक्टूबर को पहली बार में 5 हजार दूसरी बार में 25-25 हजार रुपए व तीसरी बार में 9 हजार 950 रुपए निकाली किया गया था। लखनलाल ने पुलिस को बताया है कि वह मोबाइल में अपने बैंक संबंधित सारा डिटेल रखा था। संभवतः चोरी हुई मोबाइल के माध्यम से ही वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




# पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए आदर्श क्षेत्र है येलोस्टोन नेशनल पार्क

येलोस्टोन क्षेत्र समुद्रतल से औसतन 8000 फिट ऊंचा है, यहाँ की कई चोटियां तो 13,000 फीट ऊंची हैं, 8983 वर्ग किमी के इलाके में बर्फ से ढकी पहाड़ी चोटियां , शुद्धतम जल से लबालब झीलें और नदियां , भरपूर वन्य जीवन, वनस्पतियाँ तो हैं ही साथ ही यह धरती मां की जीवंत प्रयोगशाला भी है, जिस में विकास और विनाश के रहस्य अध्ययन करने का पूरा पूरा अवसर है. सिएटल से येलोस्टोन जाने के लिए सड़क मार्ग से स्पोकेन होकर 14 घंटे लगते हैं, फ्लाइट से जाना आसान है, इसलिए करीबी एयरपोर्ट अलास्का से यह दूरी कोई 1000 मील है.पूरा रास्ता वाशिंगटन राज्य के बर्फीले पहाड़ों, हरे भरे मैदानों से हो कर गुजरता है, मीलों मीलों में फैले खेत आबादी का पता नहीं, पूरी खेती बड़ी यंत्रीकृत है। यह राज्य साल में इतना गेंहू पैदा कर लेता है जो पूरे अमरीका के लिए काफी होता है.दरअसल बोजमैन येलोस्टोन जाने के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहाँ से पार्क का प्रवेश द्वार केवल 90 मील रह जाता है.

## ऐतिहासिक कालखंड

पार्क का क्षेत्र तीन अमरीकी राज्यों मोंटाना, व्योमिंग और आइडाहो में फैला हुआ है.इस इलाके को विभिन्न कबीलों और जनजातियों ने 11,000 वर्षों से अपना आवास बनाया थाये लोग आखेट करते थे, झरनों, नदियों से मछलियां पकड़ते थे , विभिन्न जड़ी बूटियों को खाने और उपचार के काम में लेते थे , ये लोग तापीय झरनों का पानी उपचार और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल करते थे.अमरीका में आये यूरोपीय लोगों को अठाहरवीं शताब्दी की प्रारम्भ में इस विलक्षण इलाके का पता लगा.1830 के आस पास ओस्बोर्न रसेल ने इस इलाके के बारे में काफी विस्तार से लिखा, उसके आलेख से प्रभावित होकर 1869 में एक अध्ययन टीम डेविड ई कोलमेन के नेतृत्व में यहाँ आयी , टीम ने येलोस्टोन झील के अप्रतिम सौंदर्य, कैन्यन विस्तार, तापीय बेसीन और रॉक बनावट के बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। इसके अगले वर्ष चार्ल्स कुक और फॉल्सम की खोजी टीम ने भी ऐसी ही रिपोर्ट प्रस्तुत की , इसके आधार पर 1872 में राष्ट्रपति ग्रांट और अमरीकी सीनेट ने इस इलाके को संरक्षित क्षेत्र अर्थात नेशनल पार्क घोषित कर दिया। इस पार्क को दुनिया का पहला संरक्षित क्षेत्र होने का भी गौरव हासिल है। उस समय एक सीनेटर ने कहा था कि यह क्षेत्र अमरीका के फेफड़ों के लिए ताजा हवा का काम करेगा। प्रारम्भ में इसकी देखभाल अमरीकी सेना के पास रही बाद में १९१६ में नेशनल पार्क सर्विस की स्थापना के बाद से पार्क उसके अधीन कर दिया गया.

## कहानी की शुरुआत

एक अनुमान के हिसाब से पृथ्वी अब से कोई 4600 करोड़ वर्ष पहले बनी तब से लेकर 5400 लाख वर्ष पूर्व तक के काल की चट्टानों से येलोस्टोन का इलाका बना है.ये सारी चट्टानें टीटान,बेरटूथ, विंड रिवर और ग्रॉस वेंट्रे इलाकों में हैं.5400 लाख से लेकर 660 लाख वर्ष के काल में अमरीका का पश्चिमी इलाका समुद्र, रेतीले पहाड़ों , विस्तृत मैदानों से आछादित था, इसके बाद पहाड़ बनने की प्रक्रिया से रॉकी माउंटेन क्षेत्र विकसित हुआ.यहाँ पर्वत बनने और पृथ्वी की सतह ऊँची नीची होने के कारण हिलने डुलने और बर्फ जमने से येलोस्टोन इलाका अस्तित्व में आया.500 लाख वर्ष पहले पार्क के उत्तरी और पूर्वी इलाके में अब्सरोका श्रंखला कई ज्वालामुखी फटने से अस्तित्व में आयी.लेकिन उस ज्वालामुखी प्रक्रिया का सम्बन्ध आज की येलोस्टोन ज्वालामुखी गतिविधियों से नहीं है। एक अनुमान के अनुसार 300 लाख वर्ष पूर्व आज का पश्चिम पूर्व पश्चिम धुरी के साथ खिंचता गया। खिंचने की यह प्रक्रिया 170 लाख वर्ष पहले कुछ और बढ़ गयी और अभी तक जारी है जिसके कारण नए ,बेसिन बने है , उत्तर-दक्षिण पर्वत श्रंखला और उसकी लम्बी घाटी भी इसी प्रक्रिया से बनी है.इस तरह से पूरा दक्षिण का क्षेत्र जिसमें येलोस्टोन भी शामिल है निर्मित हुआ है.165 लाख वर्ष पहले आज के समूचे आइडहो, ओरेगॉन और नेवाडा इलाके में ज्वालामुखी विस्फोटों का सिलसिला निरंतर चलता रहा.वहां से पिघला हुआ लावा प्रवाहित हो कर दक्षिण आइडहो से येलोस्टोन की ओर आ गया। उत्तरी अमरीका की प्लेट इस पिघलते हुए लावा पर खिसक कर दक्षिण पश्चिम दिशा में आ गयी जिससे येलोस्टोन क्षेत्र भी पिघले लावा के समीप आ गयी , तबसे ज्वालामुखी इस क्षेत्र के अंदर लगातार सक्रिय है.




## येलोस्टोन इतना महत्वपूर्ण क्यों है

येलोस्टोन की प्राकृतिक प्रक्रिया पूरी तरह से संरक्षित तापीय इको प्रणाली में कार्यरत है और अभी तक इसमें मानवीय दखलंदाजी बहुत कम हुई है. इस लिए पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए यह क्षेत्र आदर्श है, यही नहीं यहाँ 11,000 वर्षों से मानवीय गतिविधियां निर्बाध रूप से चल रही हैं इस लिए मानव जाती के इतिहास और वास्तुशिल्प का सिलसिलेवार लेखा जोखा मौजूद है. यहाँ भूगोलविद और अन्य वैज्ञानिक लैंडस्केप स्तर पर बदलाव से इको - प्रणाली पर प्रभाव से लेकर सूक्ष्म जीव संरचनाओं के अध्ययन में जुटे हुए हैं जिनका प्रभाव केवल पार्क ही नहीं पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है.

## प्रकृति की अपनी प्रयोगशाला

पृथ्वी की निचली सतह से पिघली हुई चट्टानें पिछले 20 लाख वर्षों से येलोस्टोन में ऊपरी सतह के बेहद करीब हैं जिसके कारण ऊपरी सतह के बहुत करीब कहीं पिघली तो कहीं ठोस चट्टानों के कक्ष बन गए हैं, पिघली चट्टानों की गर्मी से धरती की ऊपरी सतह लगातार फैलती और ऊंची उठती रहती है, इसी कारण इस क्षेत्र में भूकंप भी निरंतर आते रहते हैं.जगह जगह आये क्रैक्स में से पिघली चट्टानों की गर्मी, राख और गैस वायुमंडल तक फव्वारे जहाँ तहँ से निकलती रहती है.जहाँ जहाँ पिघले हुए लावा के भूमिगत चैम्बर खाली हो गए हैं वहां जमीन धंस गयी है और काल्डेरा यानी ज्वालामुख-कुंड बन गए हैं. कुल मिला कर येलोस्टोन में तीन विशाल काल्डेरा हैं जो भूगर्भ शास्त्रियों को इतने समीप से प्रकृति के रहस्यों का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करते हैं.



## प्रकृति का थर्मामीटर

येलोस्टोन में किये जा रहे अध्ययन से पता चला है कि प्रकृति में प्रतिकूल ताप पर भी जीवन संभव है, इससे लगता है कि अन्य ग्रहों पर भी किसी न किसी रूप में जीवन होने की संभावनाएं हैं. 1968 में शोधकर्ता थामस ब्रॉक ने पहली बार येलोस्टोन के उच्च तापीय स्प्रिंग में माइक्रोब खोज कर चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में धमाका किया था, इस शोध से जीवन सम्बन्धी अन्य रहस्यों को भी धीरे धीरे अनावृत करने का काम काफी आगे बढ़ा है.

### मिडवे गाइजर बेसिन के अन्य गाइजर और पूल

येलोस्टोन के मध्य गाइजर बेसिन भले ही आकार में छोटे हैं लेकिंग उनमें काफी विविधता है , इनमें से हम एक्सेलसियर गाइजर, विशाल गाइजर क्रेटर, फिरोजी पूल और ओपल पूल देख पाए। फायर होल नदी के पास में घूमते हुए विविध किस्म के गैसीय पार्टिकल की गंध का अनुभव भी हुआ बताते हैं कि सन 1800 के आस पास एक्सेलसियर गाइजर से 300 फिट की ऊंचाई तक गैसीय पदार्थ निकला करते थे , इस पूरे क्षेत्र में इसी लिए घूमते समय पूरी सावधानी की सलाह दी जाती है क्या पता कब गैसीय पदार्थ फव्वारे की तरह निकल पड़ें ऐसा इसलिए भी कि 1985 में यहीं पर अचानक दो दिन तक लगातार इरप्शन हुआ जिसकी ऊंचाई 80 फिट तक नापी गयी।

### मिडवे गाइजर बेसिन कहाँ हैं?

ये गाइजर ओल्ड फेथफूल से करीब ही उत्तर में हैं, यहाँ जाने के लिए हमने तो पश्चिम प्रवेश द्वार से ग्रैंड लूप रोड पर 25 मील ड्राइव किया, यहाँ दोपहर में जबरदस्त भीड़ रहती है , हमारे कुछ मित्रों ने सलाह दी थी कि सुबह सवेरे पहुंचना आसान है, उनकी सलाह मान कर हम इन्हे आराम से देख पाए.

येलोस्टोन का ग्रैंड कैनियन

यहाँ का ग्रैंड कैनियन सच में देखने वाली जगह है , यह पार्क के उत्तरी पूर्वी किनारे पर है, समीप में छोटा सी आबादी कैनियन विलेज है.लगातार जंगल, पहाड़ देखते देखते यहाँ कुछ दुकानें, रेस्टॉरेंट , ठहरने के लिए कई लाज और पर्यटक केंद्र होने के कारण लगता है जैसे शहरी आबादी में पहुँच गए हों। ग्रैंड कैनियन हजारों वर्ष तक हवा, पानी और अन्य प्रकृतिक हलचलों का नतीजा है क़ैनियन २० मील से भी अधिक लम्बा है और चौड़ाई कोई डेढ़ मील है, कैनियन की दीवारें १००० फिट ऊंची हैं जिन्हे देख कर लगता है कि जैसे लाखों संगतराशों ने मिल कर इस अगढ़ रचना को मिल कर सैकड़ों हजारों साल में तराशा हो.इस कैनियन मार्ग से येलोस्टोन रिवर बहती है, यह व्योमिंग, मोनटाना, नार्थ डकोटा राज्यों से गुजर कर 600 मील का सफर तय करती है , यह पूरी तरह से स्वछंद है कहीं भी इस पर कोई डैम नहीं बनाया गया है। कैनियन विलेज के पास दो आब्सर्वेषां पाइंट हैं जहाँ से येलोस्टोन फॉल की विशालता और भव्यता को महसूस किया जा सकता है, फाल तक पहुँचने के लिए ट्रेल भी हैं, रास्ता जरा संकरा है, बहुत से सैलानी वहां जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते.

## येलोस्टोन लेक

यह लेक 136 वर्ग मील के क्षेत्र में फैली है और इसका घेरा 110 मील का है , समुद्र तल से 7,732 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित यह लेक इलाके का सबसे बड़ा जलभंडार है, लेक की गहराई कहीं कहीं 392 फीट तक चली गयी है , जाड़ों में लेक पर 3 फीट बर्फ की चादर जम जाती है. हाँ,जहाँ जहाँ लेक में गर्म सोते हैं वहां बर्फ नहीं जमती है। लेक दिसंबर में जमती है और मई या फिर जून के प्रारम्भ में पिघल जाती है। लेक में कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस , रेडसीडे शाइनर, लांगनोज सकर्स मछलियां पाई जाती है.लेक का पानी इतना साफ है कि फिशिंग ब्रिज से कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस मछली आसानी से देखी जा सकती हैं.अन्य किस्म बहुत छोटे आकार की होती हैं अत: उन्हें स्पॉट करना ब्रिज से संभव नहीं है. येलोस्टोन नदी पार्क की दक्षिण पूर्वी अब्सरोका पर्वत श्रंखला यौंत शिखर के ढलान से अपना सफर शुरू करके 671 मील चल कर मोंटाना और नार्थ डकोटा सीमा पर मिसौरी नदी में मिल जाती है, अंतत मिसोरी गल्फ आफ मेक्सिको में अटलांटिक सागर से विलीन हो जाती है.लेक के किनारे विशेषकर फिशिंग ब्रिज के आस पास के कीचड वाले इलाके में सुबह शाम मूज देखने को मिल जाते हैं।

## नारिस थर्मल गाइजर

नारिस गाइजर बेसिन येलोस्टोन पार्क के व्योमिंग क्षेत्र में हैं, ये पार्क का सबसे गर्म तापीय भाग है, इसमें तीन मुख्य बेसिन हैं :

**पोर्सलीन** - इसमें दूधिया रंग के भाप भरे परिदृश्य हैं जो 075 मील की धूल भरी ट्रेल और बोर्डवॉक कैस्केड के जरिये देखे जा सकते हैं, यहाँ तापीय गतिविधियों के कारण पेड़ एक दम सूख गए हैं।

**बैक बेसिन** - यह घने पेड़ों वाला क्षेत्र है जिसमें कई गाइजर और तापीय स्प्रिंग हैं , इसके चारों ओर 15 मील का धूल भरा ट्रेल और बोर्ड वाक है.

**सौ स्प्रिंग वाला मैदान** - यह नारिस गाइजर बेसिन का ट्रेल के बाहर का इलाका है, यहाँ की हवा में जबरदस्त अम्लीय उपस्थिति है, जमीन पोली और खतरनाक है इस लिए पार्क अधिकारी सैलानियों को यहाँ आने के लिए हतोत्साहित करते हैं.

नारिस बेसिन में सतह से 1000 फीट जबरदस्त भूगर्भीय तापीय गतिविधि चल रही है, नारिस तापीय प्रणाली में पार्क का सबसे अधिक तापक्रम 459 डिग्री फारेनहाइट रेकॉर्ड किया गया हैआश्चर्य की बात यह है कि इतने अधिक तापक्रम के वावजूद यहाँ सेजब्रश छिपकली आराम से रह लेती है.यहाँ अम्लीय ताल और उच्च तापक्रम वाले पानी के सतही किनारों पर हरे, गुलाबी और नारंगी रंग के अति सूक्ष्म जीव मजे से पनपते हैं, इन तालों से वहने वाले आयरन डाई आक्साइड, आर्सेनिक कम्पाउंड , सल्फर के कारन रंगों की छठा कुछ और निखार आती है, इन्ही के कारण पूरा क्षेत्र रंग बिरंगा नजर आता है.


### ओल्ड फेथफुल इन

पार्क और उसके बाहर ठहरने के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। हम पार्क के गेट से कोई 10 मील पहले रेनबो कैम्पिंग साइट पर एक आठ कमरे वाले बड़े घर में रुके थे जो काफी आरामदेह और किफायती रहा.लेकिन येलोस्टोन में ठहरने के लिए सबसे बेहतरीन जगह ओल्ड फेथफुल इन है जो ओल्ड फेथफुल गाइजर के ठीक सामने है। इसे राबर्ट सी रीमार ने 1904 में डिजाइन किया था , उस जमाने में यह 1,40,000 डालर की लागत में तैयार हुआ था.यह दुनिया भर में विशालतम लॉग स्टाइल संरचना है, इसकी लॉबी 74 फीट ऊंची है.इसमें लकड़ी के अलावा ज्वालामुखी से निकले हुए पदार्थों का भी इस्तेमाल किया गया है। यहाँ आने वाले सैलानियों में होटल में ठहरने से लेकर भोजन करने के लिए जबरदस्त क्रेज है. होटल पिछले सौ वर्षों से अतिथि सेवा और अच्छे भोजन के लिए सैलानियों में क्रेज से कम नहीं है.पूरी लकड़ी की संरचना होने के वावजूद इस होटल में ठहरने के लिए 140 कमरे मुख्य संरचना में हैं.1914 और 1927 में भवन विस्तार किये जाने परयहाँ कुल मिला कर 300 कमरे हो चुके हैं.होटल मई में खुलता है और अक्टूबर के प्रारम्भ तक खुला रहता है.

### पार्क का वन्य जीवन



पार्क में वन्य जीवन भी काफी विविधता से भरा है काले और ग्रिजली भालू, यल्क, बायसन तो हैं ही साथ ही स्तनपायी जीवों की 60 से भी अधिक किस्में मौजूद हैं। पार्क में पक्षी जीवन भी काफी विविधता भरा है , यहाँ बाल्ड ईगल,ब्लैक बिलड मैगपाई, ग्रे जे, कव्वे का बड़ा भाई रैवेन, ऑस्प्रे, कनाडियन गीस, मैलर्ड डक, ट्रम्पेटर हंस, सफेद पेलिकन, पहाड़ी ब्लू बर्ड बहुतायत से पाए जाते हैं.





## पार्क के अन्य आकर्षक स्थल



### ओल्ड फैथफुल गाइजर

इस गाइजर को 1870 में वशबर्न और उनकी खोजी टीम ने ढूंढा था, इसका नामकरण इरप्शन की नियमितता को देखकर किया गया था. जब से यह खोजा गया है इसके 10 लाख से भी अधिक इरप्शन हो चुके हैं ! इरप्शन का अनुमान इतना सटीक होता है कि इसमें 10 से 20 मिनट का अंतर रहता है. विशेषज्ञों की माने तो एक बार के इरप्शन से 8,400 गैलन तक प्रवाहन होता है और स्रोत से निकलने वाले पानी का तापक्रम 204 डिग्री फारेनहाइट तक रहता है। गैस का तापमान 350 डिग्री फारेनहाइट तक पहुँच जाता है.



### मैमथ हाट स्प्रिंग्स टेरेस

ये स्प्रिंग्स पश्चिमी प्रवेश द्वार के बिलकुल समीप ही हैं.दुनिया में कहीं भी मैमथ हाट स्प्रिंग्स जैसे फाउंटेन न तो प्रकृतिक रूप में देखने को मिलते हैं न ही कहीं मनुष्य द्वारा बनाये जा सके हैं। टेरेस की धवल और कहीं कहीं रंगीन चट्टानों से धीरे धीरे पानी बहता रहता है। ये स्प्रिंग प्रारम्भ से उन लोगों को आकर्षित करते रहे हैं जो अपनी विभिन्न बीमारियों का हल खनिज जालों में तलाशते रहे हैं। मैमथ हाट स्प्रिंग येलोस्टोन के गहरे वाल्कनीक बालों की बाह्य अभिव्यक्ति कहे जा सकते हैं, हालाँकि ये स्प्रिंग काल्डेरा क्षेत्र से बाहर हैं लेकिन फिर भी विशेषज्ञों की मने तो इनमें गर्म हवाओं का प्रवाहन येलोस्टोन के उन्हीं मग्नामैटिक प्रणाली से हैं जो यहाँ के अन्य तापीय क्षेत्रों को सक्रिय रखे हुए हैं.नारिस गाइजर बेसिन और मैमथ के बीच में फाल्ट लाइन है जिसके कारण उसके बीच में तापीय पानी बहता है.इस क्षेत्र में अनेक बासाल्ट इरप्शन हो चुके हैं, मैमथ क्षेत्र में गर्मी का स्रोत शायद बासाल्ट ही हैं।

तापीय गतिविधि इस इलाके में कई हजार वर्षों से जारी है, टेरेस पहाड़ी पर ट्रेवरटाइन की मोटी चादर चढ़ी हुई है. मैमथ हाट स्प्रिंग टेरेस उस पहाड़ी से जहाँ आज हमने इसे देखा आगे परेड ग्राउंड तक चले गए हैं और आगे जा कर बॉयलिंग नदी में मिल जाते हैं। देखा जाय तो मैमथ हाट स्प्रिंग होटल और फोर्ट येलोस्टोन पुरानी टेरेस संरचना पर ही बने हुए हैं.जब 1891 में जब फोर्ट की जमीन पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था तो यह चिंता व्यक्त की गयी थी कि नीचे की खोखली हुई जमीन भवन का भर नहीं संभल पाएगी, आज भी परेड ग्राउंड में अनेक बड़े आकार के गहरे होल देखे जा सकते हैं।



### ग्रैंड प्रिस्मैटिक

यह तो सही है कि ओल्ड फेथफुल ज्यादा प्रसिद्ध है लेकिन येल्लोस्टोन पार्क में सबसे ज्यादा फोटो ग्रैंड प्रिस्मैटिक हाट स्प्रिंग के लेते हैं , इसका कारण इसके चमचमाते इंद्रधनुषी रंग और इसका विशाल आकार है.पार्क अधिकारियों ने इसके इर्द गिर्द विशाल आकार का बोर्ड-वाक बनाया है हम इस बोर्ड-वाक पर चलते चलते चमकीले नीले, पीले और अन्य रंगों के इस स्प्रिंग को केवल मन्त्र मुग्ध हो कर निहारते रहे.अब तक प्रकृति का ऐसा नजारा कहीं भी देखने को है.ये स्प्रिंग्स 10 मंजली बिल्डिंग जितने गहरे हैं , अंदर दरकी हुई जमीन से पानी 121 फीट ऊपर उछाल मार कर आता है ग्रैंड प्रिस्मैटिक का आकार फुटबॉल के मैदान जितना बड़ा है , ग्रैंड प्रिस्मैटिक के विभिन्न किस्म के रंग अतिशय गर्म वातावरण में जीवित रहने वाले बैक्टीरिया के कारण है, बीच का नीला रंग सब रंगों में ज्यादा प्रधान है क्योंकि क्योंकि पानी नीली वेब-लेंथ को सबसे ज्यादा बिखराता है.जिसके कारण आँख को नीला रंग दिखता है.

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा में सबसे बड़े अवैध ड्रग लैब से बरामद हुए रिकॉर्ड मात्रा में ड्रग्स और हथियार



**कनाडा, एजेंसी।** एक विशेष आरसीएमपी यूनिट ने कनाडा में पाए गए सबसे बड़े अवैध ड्रग लैब का भंडाफोड़ किया है, जिसमें रिकॉर्ड मात्रा में ड्रग्स, पूर्ववर्ती रसायन और हथियार बरामद किए गए हैं। बी.सी. में आरसीएमपी के संघीय पुलिसिंग कार्यक्रम के प्रमुख असिस्टेंट कमिश्नर डेविड टेबुल ने गुरुवार को एक समाचार सम्मेलन में इस गिरफ्तारी की जानकारी दी, जहाँ वे फाल्कलैंड, कूमलूप्स के पूर्व में स्थित इस गुप्त ऑपरेशन से बरामद किए गए हथियारों और सिंथेटिक ड्रग्स के बीच खड़े थे। टेबुल ने कहा– यहाँ बरामद किए गए पूर्ववर्ती रसायन और तैयार फेंटानिल उत्पादों की मात्रा 95 मिलियन संभावित रूप से घातक डोज़ फेंटानिल के बराबर हो सकती है, जिन्हें कनाडाई समुदायों और विदेशी बाजारों में प्रवेश करने से रोका गया है। इसे और स्पष्ट करने के लिए 95 मिलियन से अधिक संभावित रूप से घातक डोज़ फेंटानिल जो बरामद किए गए हैं, वे हर कनाडाई की जान ले सकते थे, कम से कम दो बार।

### जर्मनी ने अपने यहां ईरान के सभी तीन दूतावास बंद करने के दिए आदेश

**बर्लिन, एजेंसी।** इजरायल के साथ पहले ही तनाव झेल रहे ईरान ने अब यूरोपीय देश जर्मनी से पंगा ले लिया है। ईरान ने अपने यहां एक जर्मन कैदी को फांसी पर लटका दिया। नाराज जर्मनी ने अपने यहां सभी तीन ईरानी दूतावासों को बंद करने का आदेश दिया है। इससे दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। आरोप है कि उस शख्स को ईरानी सुरक्षा बलों ने दुबई से किडनैप किया था और आतंकवाद के आरोप में फांसी पर लटका दिया। जर्मनी ने ईरानी मूल के जर्मन कैदी जमशेद शारमाद को फांसी दिए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को देश में सभी तीन ईरानी वाणिज्य दूतावासों को बंद करने का आदेश दिया। शारमाद अमेरिका में रहते थे और उनका ईरानी सुरक्षा बलों द्वारा 2020 में दुबई में ''अपहरण'' कर लिया गया था। ईरानी न्यायपालिका ने कहा कि 69 वर्षीय शारमाद को सोमवार को आतंकवाद के आरोपों में मौत की सजा दी गई थी। उससे पहले 2023 में सुनवाई हुई थी जिसे अमेरिका तथा अंतरराष्ट्रीय (मानवाधिकार) संगठनों ने दिखावा बताकर खारिज कर दिया था। विदेश मंत्री एनालेना बैरबॉक द्वारा घोषित फ्रैंकफर्ट, हैम्बर्ग और म्यूनिख में ईरानी वाणिज्य दूतावासों को बंद करने के निर्णय के बाद इस्लामी गणराज्य का बर्लिन में केवल अपना दूतावास ही रह गया है।

### दक्षिणी रूस में गैस विस्फोट में पांच लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**मास्को, एजेंसी।** आपात सेवा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट से पांच मंजिला इमारत की दो ऊपरी मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूसी कानून प्रवर्तन ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों के संदेह में आपराधिक जांच शुरू कर दी है। दक्षिणी रूस में एक आवासीय इमारत में बृहस्पतिवार को हुए गैस विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय आपात सेवा से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट तड़के जॉर्जिया की सीमा से लगे कराचाय-चेर्केसिया क्षेत्र के चेर्केस्क शहर में हुआ। आपात सेवा से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट से पांच मंजिला इमारत की दो ऊपरी मंजिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूसी कानून प्रवर्तन ने सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों के संदेह में आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

### लेबनान से किये गए मिसाइल हमले में सात लोगों की मौत : इजराइल के अधिकारी

**येरूशलम, एजेंसी।** सेना ने कहा कि लेबनान से करीब 25 रॉकेट इजराइल में दागे गए। इससे पहले दिन में, लेबनान से दागे गए मिसाइल हमले में उत्तरी इजराइल के मेतुला प्रांत में चार विदेशी श्रमिकों सहित पांच लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई थी। उत्तरी इजराइल के एक शहर में लेबनान से किये गए मिसाइल हमले में चार विदेशी श्रमिकों सहित सात लोगों की मौत हो गई। इजराइली अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल के मुख्य आपातकालीन चिकित्सा संगठन ने कहा कि उसके चिकित्सकों ने उत्तरी शहर हाइफा के एक उपनगर में 30 वर्षीय पुरुष और 60 वर्षीय महिला की मौत की पुष्टि की है। उसने कहा कि दो अन्य घायलों का उपचार जारी है। सेना ने कहा कि लेबनान से करीब 25 रॉकेट इजराइल में दागे गए। इससे पहले दिन में, लेबनान से दागे गए मिसाइल हमले में उत्तरी इजराइल के मेतुला प्रांत में चार विदेशी श्रमिकों सहित पांच लोगों के मारे जाने की पुष्टि की गई थी। हालांकि, मृतकों की नागरिकता के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। लेबनान का चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला एक साल से अधिक समय से उत्तरी इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है।

**दुनियाभर में नेताओं ने मनाई दिवाली : कमला हैरिस ने फुलझड़ी जलाई, ब्रिटिश पीएम ने आरती की**

# व्हाइट हाउस में ओम जय जगदीश हरे बजा



**वॉशिंगटन/लंदन, एजेंसी।** फेस्टिवल ऑफ लाइट्स यानी दिवाली के त्योहार को लेकर भारत समेत दुनिया भर में जश्न मनाया गया। इस दौरान दुनिया के प्रमुख नेताओं ने दिवाली का त्योहार मनाया और शुभकामनाएं दीं। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी कमला हैरिस ने पेंसिल्वेनिया के एक मंदिर में दिवाली मनाई। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, आज हम अमेरिका और दुनियाभर में एक अरब से ज्यादा लोगों के साथ मिलकर दीये जला रहे हैं। हम उनके साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर ज्ञान और अंधकार पर प्रकाश की लड़ाई का जश्न मना रहे हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी दिवाली का त्योहार मनाया। उन्होंने पूजा की थाली लिए हुए एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा- यूके में दिवाली मनाने वाले सभी लोगों को बहुत बधाई। मैं आपको और आपके परिवार को दिवाली की शुभकामनाएं देता हूं।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति आवास में बुधवार रात दिवाली जश्न मनाया गया। इस दौरान मिलिट्री बैंड ने आरती गीत ओम जय जगदीश हरे बजाया। इस वीडियो को इंटरनेशनल मोनेट्री फंड की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने शेयर किया है। आज की दुनिया में अंधकार पर प्रकाश की विजय अहम है, क्योंकि हम अब पहले से कहीं ज्यादा अस्थिर दुनिया में रह रहे हैं।

ऐसा लगता है कि दुनिया भर में बहुत अधिक अंधकार है और अंधकार पर प्रकाश की विजय का जश्न मनाना बहुत जरूरी है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम ऋषि सुनक को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद भी दिया। सुनक ने गुरुवार को दिवाली के मौके पर विपक्षी नेता के पद से इस्तीफा दिया है। सुनक ने कहा कि 2 साल पहले वे दिवाली पर ही कंजरवेटिव पार्टी के नेता बने थे और आज दीवाली के दिन ही अपना पद छोड़ रहे हैं।

पाकिस्तान में मरियम नवाज ने मनाई दिवाली पाकिस्तान में भी बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज हिंदुओं और सिखों के साथ सेलिब्रेशन में शामिल हुईं।

सीएम मरियम ने दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही वर्चुअल आतिशबाजी भी की। लोगों को संबोधित करते हुए मरियम ने कहा कि अगर कोई अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार करता है तो वो पीड़ितों के साथ खड़ी रहेंगी। मरियम ने कार्यक्रम के दौरान हिंदू महिलाओं से बातचीत भी की। साथ ही 1400 हिंदू परिवारों को 15-15 हजार रुपए के चेक भी दिए।

**नार्वे के दूतावास में मना दिवाली का जश्न :** नई दिल्ली स्थित नार्वे के दूतावास में भी दिवाली का जश्न मनाया गया। यहां नार्वियन राजदूत मे एलिन स्टेनर ने हिंदी फिल्म स्त्री 2 के गाने पर डांस किया

**दिवाली पर मिठाई लेने पहुंचे फ्रांसीसी राजदूत :** भारत में फ्रांस के दूतावास में बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान फ्रांसीसी राजदूत थियेरी मथाउ मिठाई लेने के लिए दिल्ली के बंगाली मार्केट पहुंचे। मथाउ ने यहां एक मिठाई की दुकान से काजू कतली खरीदी। इसके लिए उन्होंने यूपीआई के जरिए पेमेंट भी किया। अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत पर दिवाली का जश्न अमेरिका के न्यूयॉर्क में बुधवार को वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर दिवाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान लाइट शो का आयोजन हुआ। वन वर्ल्ड सेंटर अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत है। न्यूयॉर्क में मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने जश्न की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट भी किया।

**अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का तौबा-तौबा पर डांस :** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने 30 अक्टूबर को दिल्ली स्थित दूतावास पर दिवाली सेलिब्रेशन किया। अमेरिकी दूतावास पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी कुर्ता पायजामा में देसी अंदाज में नजर आए। यहां एरिक ने बॉलीवुड मूवी बैड न्यूज के गाने तौबा-तौबा पर डांस भी किया। एरिक के डांस वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## सनकी किंग पर अमेरिका की धमकी बेअसर, खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**प्योंगयांग , एजेंसी।** अमेरिका की धमकियों का उत्तर कोरिया के सनकी किंग किम जोंग पर कोई असर नहीं दिख रहा है। उत्तर कोरिया ने लगभग एक साल के अंतराल के बाद बृहस्पतिवार को नयी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। इस परीक्षण के माध्यम से उत्तर कोरिया ने यह प्रदर्शित किया है कि वह अमेरिका पर लंबी दूरी के परमाणु हमले करने की अपने क्षमता बढ़ा रहा है। इस परीक्षण का मकसद अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले उसका ध्यान आकर्षित करना हो सकता है।



यह संभावना जताई जा रही कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में रूस की मदद करने को लेकर हो रही आलोचना से ध्यान भटकाने के मकसद से यह परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, देश के नेता किम जोंग उन ने परीक्षण की निगरानी की और इसे एक एक उचित सैन्य कार्रवाई करार दिया, जो अपने दुश्मनों की हरकतों का जवाब देने के उत्तर कोरिया के संकल्प को दर्शाता है। मीडिया में आई खबर के मुताबिक, किम ने कहा कि दुश्मनों के विभिन्न दुस्साहसिक युद्धाभ्यासों ने उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमता के महत्व को रेखांकित किया है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि उत्तर कोरिया अपनी परमाणु ताकतों को बेहतर बनाने की नीति को कभी नहीं छोड़ेगा। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने कहा कि इस नयी मिसाइल ने जो दूरी तय की, वह पूर्व के परीक्षण की तुलना में अधिक है। इससे एक दिन पहले, दक्षिण कोरिया की सैन्य खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया था कि उत्तर कोरिया ने संभवतः अपने सातवें परमाणु परीक्षण की तैयारी पूरी कर ली है और वह अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण करने के करीब है।

## कमला हैरिस के साक्षात्कार से छेड़छाड़ करने के आरोप में ट्रंप ने सीबीएस पर दर्ज कराया मुकद्दमा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका में आगामी 5 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इस वजह से देश में चुनावी सरगर्मियां जोरों पर हैं। इसी बीच रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने सीबीएस टीवी नेटवर्क पर मुकदमा दायर कर 10 अरब डॉलर के हर्जाने की मांग की है। उनका आरोप है कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साक्षात्कार का भ्रामक संपादन चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया गया। ट्रंप की ओर से टेक्सास की एक अदालत में मुकदमा दायर किया गया। आरोप लगाया गया है कि सीबीएस ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी को जिताने के लिए चैनल पर दिखाए गए समाचार में बदलाव किए। इसके परिणाम में डोनाल्ड ट्रंप जीतते दिख रहे थे।


ट्रंप की लीगल टीम के मुताबिक, कमला हैरिस की कमजोरी को छिपाने के लिए, सीबीएस ने अपने 60 मिनट के नेशनल प्लेटफॉर्म का उपयोग रिपोर्टिंग में निर्णय लेने से लेकर समाचारों के साथ धोखाधड़ी, भ्रामक हेरफेर तक की सीमा पार करने के लिए किया। एक बयान में सीबीएस ने हैरिस के साक्षात्कार से छेड़छाड़ करने के आरोप को साफतौर पर नकारा। टीवी चैनल की ओर से इस मामले में पूरी ताकत से लड़ने की बात कही गई है।

# ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिंसा की निंदा की: कहा- कमला ने दुनियाभर के हिंदुओं को नजरअंदाज किया, राष्ट्रपति बना तो मैं हिफाजत करूंगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई हिंसा की निंदा की है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए डैमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस की आलोचना भी की।

**ट्रम्प ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा–** बांग्लादेश में भीड़ हिंदुओं पर हमला कर रही है, लूटपाट कर रही है। वहां अराजकता की स्थिति है। उनके कार्यकाल में ऐसा कभी भी नहीं होता। कमला और बाइडेन ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है। ट्रम्प ने कहा कि वे कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म विरोधी एजेंडे के खिलाफ हिंदुओं की रक्षा करेंगे। उन्होंने क्कमोदी को अपना अच्छा 'दोस्त' बताया और भारत के साथ बेहतर संबंध कायम करने की बात की। ट्रम्प ने कहा कि हम अमेरिका को फिर से मजबूत बनाएंगे और यहां की शांति को वापस लाएंगे।

बांग्लादेश में हिंसा पर पहली बार बोले ट्रम्प बांग्लादेश में इस साल आरक्षण विरोधी आंदोलनों के चलते कई महीनों हालात अस्थिर रहे। इस वजह से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। इसके बाद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ था। इस दौरान बांग्लादेश में कई जिलों में अल्पसंख्यकों, खासतौर पर हिंदू समुदाय, के खिलाफ हिंसा की कई



खबरें सामने आई थीं। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक यह पहली बार है जब ट्रम्प ने बांग्लादेश हिंसा के मुद्दे पर बयान दिया है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में एक सप्ताह से भी कम का वक्त बचा है। ऐसे में ट्रम्प हिंदू वोटरों को लुभाने में जुटे हैं।

सफाईकर्मी की ड्रेस में भाषण देने पहुंचे ट्रम्प अमेरिकी चुनाव में बाइडेन के ट्रम्प समर्थकों को 'कचरा' कहने पर पॉलिटिक्स तेज हो गई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार शाम को विस्कॉन्सिन में प्रचार करने गए थे। यहां वे लाल टोपी और सफाईकर्मी की जैकेट पहने कचरे वाले ट्रक में बैठे नजर आए। ट्रम्प ने ट्रक पर बैठकर ही पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा- मैं कमला और जो बाइडेन के बयान का विरोध करता हूं। बाइडेन ने बिल्कुल वही कहा है, जो कमला हमारे समर्थकों के बारे में सोचती हैं, लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अमेरिका के 25 करोड़ लोग कचरा नहीं हैं। दरअसल, 29 अक्टूबर को बाइडेन ने ट्रम्प समर्थकों को 'कचरा' कहा था। बाइडेन ने एक ट्रम्प समर्थक कॉमेडियन की टिप्पणी पर यह जवाब दिया था।

ट्रम्प समर्थक कॉमेडियन के बयान पर विवाद शुरू हुआ ट्रम्प ने 27 अक्टूबर को न्यूयॉर्क में मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक रैली की थी। इस दौरान कॉमेडियन टोनी हिंचक्लिफ ने प्यूर्टो रिको को 'कचरे का द्वीप' बताया था। इस बात पर बाइडेन ने कहा था- प्यूर्टो रिको समुदाय के लोग बहुत सभ्य और प्यारे हैं। अमेरिका के विकास में उनका बड़ा योगदान है। मैं तो ट्रम्प के समर्थकों को ही कचरा फैलाते हुए देखता हूं। प्यूर्टो रिको में हिस्पैनिक मूल के लोग रहते हैं। ये स्पैनिश बोलते हैं। प्यू रिसर्च सर्वे के मुताबिक 2024 में 60प्रतिशत हिस्पैनिक वोटर्स डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी को 34त्न हिस्पैनिक वोटर्स का समर्थन मिल रहा है।

# नेपाल ने नोट छापने का ठेका चीनी कंपनी को दिया:100 रुपए की 30 करोड़ प्रतियां छपेंगी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के केंद्रीय बैंक 'नेपाल राष्ट्र बैंक' ने चीन की एक कंपनी को 100 रुपए के नए नेपाली नोट छापने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इन नोटों पर बने नक्शे में भारत के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी इलाके को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। इस इलाके को लेकर भारत-नेपाल के बीच करीब 35 साल से विवाद है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के 'बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन' कंपनी को नोट छापने का ठेका मिला है। चीन की कंपनी नेपाली नोट की नोट की 30 करोड़ प्रतियां छापेगी। इस पर करीब 75 करोड़ भारतीय रुपए का खर्च आएगा। यानी 100 रुपए के 1 नेपाली नोट छापने की कीमत करीब 2.50 भारतीय रुपए होगी।



नेपाल सरकार ने मई में बदलाव की मंजूदी दी थी नेपाल में नेपाल राष्ट्र बैंक के पास नोटों के डिजाइन बदलने का अधिकार है। हालांकि, इसके लिए उन्हें सरकार से मंजूरी लेनी पड़ती है। नेपाल के मंत्रिमंडल ने इस साल मई में इस नोट के डिजाइन में बदलाव को मंजूरी दी थी। तब नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड प्रधानमंत्री थे। केपी शर्मा ओली इस सरकार का समर्थन कर रहे थे। 12 जुलाई को ओली ने प्रचंड सरकार सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अब वे नेपाल के प्रधानमंत्री हैं। उनका समर्थन नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा कर रहे हैं।

नेपाल ने 18 जून 2020 को देश का नया पॉलिटिकल मैप जारी किया था। इसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इसके लिए नेपाल के संविधान में भी बदलाव किया गया था। तब भारत सरकार ने नेपाल के इस कदम को एकतरफा बताते हुए इसका विरोध किया था।

दो नदियों से तय हुई भारत-नेपाल की सीमा भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया।

काली नदी के उद्गम स्थल, यानी ये सबसे पहले कहां से निकलती है, इसे लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है। वहीं नेपाल पश्चिमी धारा को उद्गम धारा मानता है और इसी आधार पर दोनों देश कालापानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं।

## कनाडा में सिंगर एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार, दूसरा आरोपी फरार

**कनाडा, एजेंसी।** कनाडा में सिंगर एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ढिल्लों के ब्रिटिश कोलंबिया के वैनकूवर स्थित आवास के घर के बाहर फायरिंग की गई थी। वहीं इस घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। पुलिस ने 30 अक्टूबर को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कनाडा के ही मैनिटोबा में रहने वाले अबजीत किंगरा के रूप में हुई है। उसपर कुछ वाहनों में आग लगाने का भी आरोप है। वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।



जानकारी के मुताबिक अबजीत किंगरा को ओंटारियो से गिरफ्तार किया गया है। दरअसल एपी ढिल्लों के घर पर 1 सितंबर 2024 को फायरिंग की गई थी। इसके बाद सोशल मीडिया पोस्ट करके लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। पोस्ट में कहा गया था, विक्टोरिया आइलैंड वाला घर एपी ढिल्लों का है। ये बड़ी फीलिंग ले रहा है। सलमान खाने को गाने में लेकर आया था। जिस अंडरवर्लड लाइफ की तुम लोग कॉपी कर रहे हो, हम लोग वास्तविकता में जी रहे हैं। औकात में रहो नहीं तो कुत्ते की मौत मरोगे।

पुलिस ने 23 साल के विक्रम शर्मा के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी किया है। कनाडा का मानना है कि वह भारत में है। कनाडा पुलिस का कहना है कि उसके पास विक्रम की कोई तस्वीर नहीं है। हालांकि कुछ पहचान के निशान जारी किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक वह दक्षिण एशियाई शख्स है और उसकी हाइट 5 फीट 9 इंच के करीब है। वजन करीब 200 पाउंड यानी 90 किलो के आसपास है। उसकी आंखें भूरी हैं और बाल काले हैं।

बता दें कि एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग के बाद पास खड़े वाहन में भी आग लगा दी गई थी। पुलिस अधीक्षक टॉड प्रेस्टन ने कहा, जांच के साथ ही मुख्य संदिग्धों की तलाश जारी रहेगी। उन्हें गिरफ्तार जरूर किया जाएगा।

# अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना की समर्थक पार्टी के मुख्यालय में आग लगाई गई

**ढाका, एजेंसी।** खबरों के मुताबिक नुकसान की अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के अधिकारी रशीद बिन खालिद ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को फोन पर बताया कि अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंच गया है।

बांग्लादेश में हमलावरों ने बृहस्पतिवार रात को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की समर्थक जातीय पार्टी के मुख्यालय में आग लगा दी। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, इस हमले में किसी के घायल होने को लेकर कोई जानकारी नहीं है और न ही मुख्यालय पर हमले की किसी ने जिम्मेदारी ली है।

टीवी चैनल और अन्य मीडिया संस्थानों ने बताया कि हमलावरों ने ढाका के बिजॉय नगर क्षेत्र में स्थित पार्टी मुख्यालय पर धावा बोला।



उनकी वहां मौजूद पार्टी सदस्यों के साथ झड़प हुई और अंततः हमलावरों ने परिसर में आग लगा दी।

खबरों के मुताबिक नुकसान की अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के अधिकारी रशीद बिन खालिद ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को फोन पर बताया कि अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंच गया है। जातीय पार्टी बांग्लादेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है और इसकी स्थापना 1980 के दशक में पूर्व सैन्य तानाशाह एच.एम. इरशाद ने की थी।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, बीते जुलाई और अगस्त महीने में आरक्षण के खिलाफ बांग्लादेश में छात्रों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किया। धीरे धीरे ये प्रदर्शन आंदोलन को रूप ले लिया। इसके बाद छात्रों का ये आंदोलन हिंसक होते चला गया। जिसमें 400 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। छात्र आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया, लेकिन बाद में छात्रों ने शेख हसीना से इस्तीफे की मांग करने लगे थे। उग्र हुई भीड़ ढाका में पीएम आवास की तरफ बढ़ने लगी थी। बांग्लादेश सेना ने हसीना सरकार में हस्तक्षेप किया। सेना के दबाव में शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। साथ ही उन्हें देश भी छोड़ना पड़ा। शेख ने भारत में शरण लिया। फिलहाल शेख हसीना पर फूटा जनता का गुस्सा उनके समर्थकों को सामना करना पड़ रहा है।



# ओडिशा का घाटगांव

# यहां की खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

**ओडिशा में मौजूद जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। हर रोज इन मंदिरों के लिए दर्शन के लोग ओडिशा पहुंचते हैं। यह खूबसूरत राज्य बंगाल की खाड़ी के पास मौजूद है। ओडिशा देश का सबसे प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। क्षेत्रफल के हिसाब से ओडिशा भारत का 10 वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। इसलिए इस राज्य को एक्सप्लोर करने के लिए हर महीने हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ओडिशा की धरती पर मौजूद घाटगांव एक ऐसी ही जगह है, जिसको राज्य का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घाटगांव और इसके आसपास मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।**

## मां तारिणी मंदिर


ओडिशा के घाटगांव में किसी फेमस जगह पर घूमने की बात होती है, तो कई लोग मां तारिणी मंदिर का नाम सबसे पहले लेते हैं। यह मंदिर सिर्फ इस शहर ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में फेमस है। तारिणी मंदिर दो जुड़वा देवियों तारा और तारिणी को समर्पित है। बता दें कि इस मंदिर को प्रथम पूज्य 4 आदि शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस ओडिशा राज्य का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा देखे जाने वाला शक्तिपीठ है। यहां पर सालाना 40 करोड़ रुपये से भी अधिक का नारियल चढ़ावे में चढ़ जाता है।

## घाटगांव फॉरेस्ट रेंज

घाटगांव फॉरेस्ट रेंज यहां का सबसे फेमस पर्यटन स्थल है। यह जगह घने जंगल, कई विलुप्त पेड़-पौधे, घास के मैदान और झील झरनों के लिए जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी हसीन खजाने से कम नहीं है। घाटगांव फॉरेस्ट रेंज सिर्फ प्रकृति प्रेमियों के लिए ही नहीं बल्कि एडवेंचर के शौकीन लोगों के लिए बेहतरीन जगह है। वीकेंड पर कई लोग यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग के लिए पहुंचते हैं। मानसून और सर्दियों में यहां की खूबसूरती चरम पर होती है।


## ऐसे पहुंचें घाटगांव

बता दें कि घाटगांव पहुंचना बेहद आसान है। घाटगांव जाने के लिए आप ओडिशा के किसी भी शहर से पहुंच सकते हैं। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से घाटगांव करीब 165 किमी और कटक से करीब 147 किमी दूर है।



## सनाघागरा वॉटरफॉल

घाटगांव से कुछ दूरी पर सनाघागरा वॉटरफॉल मौजूद है। यह एक बेहद शानदार स्पॉट है। यह वॉटरफॉल एक पार्क के अंदर स्थित है। इस पार्क को इको टूरिस्ट स्पॉट के नाम से जाना जाता है। इस पार्क को भी प्रकृति प्रेमियों के लिए खास माना जाता है। इको टूरिस्ट स्पॉट में मौजूद सनाघागरा वॉटरफॉल में जब 50 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है, तो यहां का नजारा देखने लायक होता है। वहीं यहां की हरियाली भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। वीकेंड पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य से भी लोग यहां पर घूमने के लिए आते हैं।






## सिमलीपाल नेशनल पार्क

ओडिशा के मयूरभंज में स्थित सिमलीपाल नेशनल पार्क भारत का एक फेमस पार्क है। सिर्फ ओडिशा के ही नहीं बल्कि देश के हर कोने से लोग सिमलीपाल नेशनल पार्क घूमने के लिए पहुंचते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। यह नेशनल पार्क हाथियों के लिए जाना जाता है। इस कारण इसे हाथी अभ्यारण्य भी कहा जाता है। हाथी के अलावा यहां पर आपको तेंदुआ, भौंकने वाला हिरण, सांभर, गौर, जंगली बिल्ली, जंगली सूअर और चार सींग वाला मृग भी देखने को मिलेगा। आप यहां पर जंगल सफारी का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

# 1 शेयर पर 2 बोनस शेयर,10 टुकड़ों में भी बंटेगा स्टॉक,रिकॉर्ड डेट अगले हफ्ते

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगा। कंपनी के शेयरों का बंटवारा भी हो रहा है। शेयर का भाव बीएसई में 800 रुपये से कम का है। आइए जानते हैं कि अगले हफ्ते किस दिन कंपनी के शेयर एक्स-बोनस और एक्स-स्प्लिट ट्रेड करेंगे।

## कब है रिकॉर्ड डेट ?

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2 शेयर बोनस दिया जाएगा। वहीं, कंपनी के 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये हो जाएगी। बता दें, कंपनी ने 28 अक्टूबर 2024 को एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया था कि स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू के लिए 8 नवंबर 2024 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। यानी जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर रिकॉर्ड डेट से पहले रहेंगे उन्हें इसका फायदा मिलेगा।




## शेयर बाजार में कंपनी का गदर

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत की तेजी के साथ 710.90 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक महीने के दौरान 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। इस गिरावट के बाद भी 3 महीने से इस स्टॉक को होल्ड करने वाले निवेशकों को 118.74 प्रतिशत का लाभ मिला है।

2024 में इस बोनस स्टॉक ने 219 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 10.31 प्रतिशत की तेजी आई है। बता दें, पिछले 2 साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 367 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। कंपनी का 52 वीक हाई 944.10 रुपये और 52 वीक लो लेवल 162.50 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1777.25 करोड़ रुपये का है।

# आचार्य चाणक्य ने बताया,रंक को भी राजा बना देती हैं ये 5 आदतें,जल्दी सफलता चाहिए तो बना लें जीवन का हिस्सा

महान विद्वान आचार्य चाणक्य ने अपने जीवन काल में, जीवन के लगभग हर पहलू से जुड़ी नीतियां लिखीं। सिर्फ युद्ध कौशल और राजनीति ही नहीं बल्कि आचार्य ने अपनी इन नीतियों में गृहस्थ जीवन, अच्छी परवरिश और सफल होने के सूत्र भी बताए। आचार्य की इन नीतियों की सबसे खास बात है कि इन्होंने ना सिर्फ उस समय के लोगों को राह दिखाने का किया, बल्कि आज भी ठीक उसी तरह से लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम कर रही हैं। आज हम आपको आचार्य चाणक्य की इन्हीं नीतियों में से कुछ सफलता के सूत्र बताने वाले हैं। आचार्य की मानें तो अपने जीवन में इन आदतों को लागू कर एक व्यक्ति बहुत ही जल्दी ऊंचाइयां हासिल कर सकता है।

## सुबह जल्दी छोड़ें बिस्तर


आचार्य चाणक्य के अनुसार जो इंसान सुबह देर तक सोता रहता है, वह जीवन में बाकी लोगों से काफी पीछे छूट जाता है। इसलिए जीवन में अगर एक सफल इंसान बनना है तो देर तक सोने की आदत को छोड़ना होगा। आचार्य चाणक्य के अनुसार सुबह ब्रह्ममुहूर्त में यानी सूर्योदय से पहले ही बिस्तर को छोड़ देना चाहिए। उनका कहना है कि जो इंसान ब्रह्म मुहूर्त में बिस्तर त्याग देता है और सुबह से ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लग जाता है, उसे जीवन में सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।

## मेहनत करने से न डरें

बिना मेहनत के कोई भी इंसान सफल नहीं होता है। अगर जीवन में सफल इंसान बनना है और तरक्की पानी है तो मेहनत करनी ही पड़ेगी। इसका कोई भी शॉर्ट कट नहीं। आचार्य चाणक्य के मुताबिक जो इंसान मेहनत से डरता है, उसे जीवन में कोई सफलता नहीं मिलती। वहीं जो इंसान पूरी मेहनत और लगन से अपना काम करता है बिना किसी परिणाम की चिन्ता किए, वह जीवन में एक दिन सफल इंसान जरूर बनता है।

## फिजूलखर्ची से बचें

आचार्य चाणक्य के मुताबिक जीवन में सफल और अमीर इंसान बनने के लिए फिजूलखर्ची से बचना बहुत जरूरी है। जो लोग बेवजह के पैसे उड़ाते रहते हैं और बिना सोचे समझे कहीं भी पैसा खर्च करते रहते हैं, उनके पास लक्ष्मी कभी भी नहीं टिकती है। लाखों कमाने के बावजूद ऐसे इंसान कभी भी अमीर नहीं बन पाते। जीवन में अमीर इंसान बनना है तो फिजूल खर्ची की आदत को छोड़ना बहुत जरूरी है।



## जब तक मंजिल न मिले, ना बताएं किसी को अपना लक्ष्य

आचार्य चाणक्य का कहना है कि अगर आप सफलता हासिल करना चाहते हैं तो बिना मंजिल मिले कभी भी किसी से अपना लक्ष्य शेयर नहीं करना चाहिए। जब लोग अपनी प्लानिंग को दूसरों के साथ शेयर कर देते हैं, तो उस पर एक नेगेटिविटी आ सकती है जिसकी वजह से आपको अपने लक्ष्य को हासिल करने में लोगों की जलन और मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## ना करें घमंड

जीवन में सफल इंसान बनने के लिए घमंड को त्यागना बहुत जरूरी है। जिस इंसान के अंदर घमंड आ जाता है जल्दी ही उसका पतन होना शुरू हो जाता है। घमंड इंसान का दुश्मन होता है क्योंकि जब इंसान के मन में घमंड आना शुरू होता है, तो उसे अपने सामने सारी दुनिया फीकी लगने लगती है और यहीं से उसके तरक्की के मार्ग में बाधा आने लगती है। आचार्य चाणक्य का भी कहना है कि जीवन में सफल इंसान बनने के लिए घमंड को त्यागना बहुत जरूरी है।

# शादी से पहले ऐसा रखें डाइट चार्ट,जानें मोटापे से दूर रहने के लिए किन गलतियों को करने से बचें

**किसी भी लड़की के लिए वो दिन सबसे खास होता है, जब वो शादी के बंधन में बंधती है। सबकी निगाहें भी उसकी ओर ही होती हैं क्योंकि वही तो उस पूरे समारोह की रौनक होती है। ऐसे में हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि शादी वाले दिन वो खूबसूरत और शानदार लगे। लेकिन शादी की तैयारियों की थकान और जीवन की नई पारी शुरू करने के जोश के बीच अकसर सेहत की अनदेखी होने लगती है। आपसे ऐसी अनदेखी न हो, इसके लिए एक बेहतर डाइट प्लान और संतुलित लाइफस्टाइल जरूरी है।**

## क्यों जरूरी है डाइट प्लान ?

सुंदर और फिट दिखने के लिए शादी के छह महीने पहले से डाइट प्लान पर काम करना शुरू कर दें। जितनी जल्दी आप प्री-वेडिंग डाइट लेना शुरू करेंगी, उतना बेहतर होगा। स्वस्थ रहने के लिए हमारे पाचन तंत्र का ठीक तरह से काम करना जरूरी है और जब आप संतुलित व पोषक भोजन का सेवन करती हैं, तब न केवल पाचन तंत्र अच्छा रहता है बल्कि पोषक तत्वों का अवशोषण भी बेहतर होता है। इसका सीधा असर शारीरिक,मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ पर पड़ता है। शादी से पहले अपने खानपान में किन बातों का रखें ध्यान, आइए जानें-

## क्रैश डाइट न लें

कई लड़कियां शादी के दिन स्लिम और फिट दिखने के लिए क्रैश डाइट शुरू कर देती हैं। यह सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। खाने की प्लेट से कार्बोहाइड्रेट को गायब बिल्कुल न करें। कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे साबुत अनाज और उनसे बनें उत्पादों का सेवन जरूर करें। दाल, सब्जियां, फल, सूखे मेवे और बीज भी खाएं। खाने के बीच का गैप ज्यादा न रखें। हर तीन घंटे पर कुछ-न-कुछ खाएं और रात का खाना 7.30 बजे से पहले खा लें। अपनी डाइट में कुछ सफेद चीजों जैसे मैदा, सफेद चीनी, नमक और सफेद चावल की मात्रा बिल्कुल कम या खत्म कर दें।



## पानी से न करें समझौता

शरीर में पानी की कमी न होने दें। पर्याप्त मात्रा में पानी के सेवन से त्वचा, बाल और नाखून भी हमेशा स्वस्थ और चमकदार रहते हैं। तरल पदार्थों का सेवन वजन कम करने में भी मदद करता है। दिन भर में 2-3 लीटर पानी जरूर पिएं।



## आजमाएं यह डाइट चार्ट

-सुबहः सुबह उठते ही ब्रश करने के बाद एक गिलास गुनगुना पानी पिएं

-नाश्ते से पहलेः 4-5 भीगे हुए बादाम/एक केला/नीबू-पानी जिसमें कुछ बूंद अदरक का रस हो/जीरे का पानी/ग्रीन टी पिएं।

-सुबह का नाश्ताः इडली-सांबर/सब्जियों के साथ ओट्स/अंडे की सफेदी से बना ऑमलेट/ एक गिलास ऑरेंज जूस के साथ/पोहा/उपमा/ओट्स का चीला/पपीता, केला या पालक की स्मूदी/उबले हुए अंडे

-स्नैक्सः चने, मूंगफली या अंकुरित अनाज से बना सलाद। इसमें आप टमाटर, प्याज और खीरा भी मिला सकती हैं। गार्निशिंग के लिए नीबू का रस, साल्ट या चाट मसाले का प्रयोग करें। इसके अलावा स्नैक्स में फ्रूट, सलाद या उबले अंडे ले सकती हैं

-दोपहर का खानाः रोटी या चावल, हरी सब्जियां, दाल, सब्जी, दही

-स्नैक्सः फ्रूट सलाद/एक मुट्ठी सूखे मेवे या बीज/रोस्ट किए हुए मखाने/एक गिलास छाछ

-रात का खानाः रोस्टेड या ग्रिल्ड चिकन के साथ सलाद/दाल और सब्जी के साथ मेथी की रोटी/दाल और सब्जी के साथ रोटियां

## ये भी रखें ध्यान

-इनसे सुधारें बाल-त्वचा की सेहतः बाल और त्वचा की अच्छी सेहत के लिए बादाम, टमाटर, स्ट्रॉबेरी, चुकंदर, अनार, अखरोट, सूरजमुखी के बीज और लाल या पीली शिमला मिर्च को डाइट का हिस्सा बनाएं।

-व्यायाम के लिए निकालें वक्त : आप कितनी भी व्यस्त हों, लेकिन व्यायाम करना न भूलें। हर रोज 45 मिनट व्यायाम करें, जिसमें 30 मिनट टहलने को शामिल करें।

-नशीली चीजों से दूर रहें:शराब व धूम्रपान से बचें। ये त्वचा को प्रभावित करते हैं और वजन पर असर डालते हैं।

-इनका सेवन न करें : मिठाई और प्रोसेस्ड फूड्स से बचें। केक, पेस्ट्रीज, बिस्कुट, डिब्बा बंद जूस और अन्य जंक फूड्स से दूर रहें। इनमें सिर्फ कैलोरी और ट्रांस फैट्स होते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं।

CMYK

## खेल की संक्षिप्त खबरें

### 3 साल के अनीश सरकार ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024।** जिस उम्र में आम बच्चे ठीक से बोल भी नहीं पाते हैं उस उम्र में अनीश सरकार ने शतरंज की दुनिया में इतिहास रच दिया है। दरअसल, 3.5 साल के अनीश ने पहले ही टूर्नामेंट में डेब्यू कर लिया था। लगभग महीने बाद, अनीश ने अपना पहला रैपिड रेटिंग टूर्नामेंट खेला। अनीश भाग्यशाली रहे कि उन्हें सिमुल में भारत के नंबर 1 और दुनिया के नंबर 4 ग्रैंड मास्टर अर्जुन इरिगैसी के खिलाफ खेलने का मौका मिला। अनीश ने एक हफ्ते बाद 2 रेटेड खिलाड़ियों को हराया और उसके अगले सफ्ताह में फिडे में रेटिंग हासिल की। एक नवंबर 2024 को उनकी एलो रेटिंग आधिकारिक हो गई और उनका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया।



### मैं कभी टेनिस समुदाय का अनादर नहीं करता, मैं इसका हिस्सा हूं:रोहित राजपाल



**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024।** भारत के गैर खिलाड़ी डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उन्होंने 'शट अप' उन्हें एजेंडे के तहत लगातार निशाना बना रहे कुछ लोगों के लिये कहा था , देश के टेनिस समुदाय के लिये नहीं जैसा कि पेश किया जा रहा है। राजपाल ने पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा कि डेविस कप कप्तान के रूप में उनकी योग्यता पर सवाल उठाने वाले लोगों को रिसर्च करना चाहिये और वह उन लोगों में से नहीं है जो खिलाड़ियों के नहीं चाहने पर पद पर बने रहेंगे।

# रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा अनिल कुंबले का बड़ा रिकॉर्ड

### » मुंबई टेस्ट में कर दिया ये कमाल

**मुंबई,02 नवम्बर 2024।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जा रहे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले के दूसरे दिन का खेल काफी रोमांचक देखने को मिला जिसमें भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 263 रनों के स्कोर पर सिमटने के साथ कीवी टीम की पहली पारी के मुकाबले थोड़ी बढ़त लेने में कामयाब रही। वहीं कीवी टीम दूसरी पारी में ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी करने में कामयाब नहीं सकी और दिन का खेल खत्म होने पर उन्होंने 8 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना लिए थे। मुंबई टेस्ट के दूसरे दिन रविचंद्रन अश्विन गेंद से एक बड़ा कमाल करने में



कामयाब रहे जिसमें उन्होंने अनिल कुंबले के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

### वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने अश्विन

रविचंद्रन अश्विन के लिए बतौर गेंदबाज ये टेस्ट सीरीज अब तक कुछ खास अच्छी नहीं रही जिसमें उन्हें विकेट हासिल करने के लिए काफी मेहनत भी करनी पड़ी। हालांकि मुंबई टेस्ट मैच में अश्विन कीवी टीम की दूसरी पारी में जब रचिन रवींद्र का विकेट लेने में कामयाब हुए तो वह मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम तरफ से टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं, जिसमें वह अब तक मुंबई के इस मैदान पर 42 विकेट हासिल कर चुके हैं।

### वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज

रविचंद्रन अश्विन - 42 विकेट
अनिल कुंबले - 38 विकेट
कपिल देव - 28 विकेट
हरभजन सिंह - 24 विकेट
कर्सन घावरी - 23 विकेट

### अब तक मुंबई में हासिल किए अश्विन ने सबसे ज्यादा विकेट


अश्विन ने अभी तक अपने इंटरनेशनल करियर में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए हैं, जिसमें वह यहां 43 विकेट अब तक अपने नाम कर चुके हैं। वहीं इसके बाद अश्विन ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सबसे ज्यादा 42 विकेट अपने नाम किए हैं।

## कोहली ने आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने के संकेत दिए

**नई दिल्ली,02 नवम्बर 2024।** विराट कोहली को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 करोड़ रुपये की फीस पर रिटेन किया है और भारत के स्टार क्रिकेटर ने संकेत दिए कि वह 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहेंगे जिसमें उनका लक्ष्य आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करना है।

कोहली के शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के समय को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि यह 36 वर्षीय खिलाड़ी कोविड-19 की शुरुआत के बाद से पिछले चार वर्षों से ज्यादा धमाल नहीं कर पाया है। वह 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से ही आरसीबी के लिए खेल रहे हैं और प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे हैं।

उन्होंने 131.97 के शानदार स्ट्राइक रेट से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 55 अर्द्धशतक शामिल हैं। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज' में संकेत दिया कि उनका लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। उन्होंने इसमें कहा, ''इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जायेंगे और यह मेरे लिए



बहुत ही खास अहसास है। ''उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक टीम के लिए इतने साल तक खेलूंगा, लेकिन इतने वर्षों में रिश्ता सही में बहुत विशेष हो गया है। '' उन्होंने फिर कहा कि वह खुद को किसी अन्य फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नहीं देखते। उन्होंने कहा, ''मैं आरसीबी के अलावा कहीं और खुद को खेलते हुए नहीं देखता। मैं बहुत खुश हूं कि ऐसा हुआ। मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे इस नीलामी में एक नयी टीम बनाने का मौका मिला। हम फ्रेंचाइजी और टीम के तौर पर इसके लिए उत्साहित हैं। ''

कोहली ने साथ ही फ्रेंचाइजी और इसके प्रशंसकों से करीबी रिश्ते की बात की और कहा कि उनका लक्ष्य टीम को खिताब दिलाना होगा। उन्होंने कहा, ''हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी अहमियत रखती है। इतने वर्षों का यह विशेष रिश्ता लगातार मजबूत होता जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी ऐसा ही महसूस करेंगे। ''

कोहली ने कहा, ''मैं भी इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। और निश्चित रूप से लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना है। '' उन्होंने वादा किया कि आरसीबी आईपीएल खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। कोहली ने कहा, '' हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व महसूस कराने की कोशिश करेंगे। प्रशंसकों के समर्थन के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आभारी हूं। ''वहीं आरसीबी के कोहली को रिटेन करने के बाद फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्वीकार किया कि उन्हें टीम में बरकरार रखना हैरानी भरा नहीं है क्योंकि वह आगामी वर्षों ममें आरसीबी की सफलता के लिए अहम होंगे। फ्लावर ने 'जियोसिनेमा' से कहा, ''भारत में विराट को रिटेन करना किसी के लिए भी हैरानी भरा नहीं होगा। वह भविष्य में आरसीबी की सफलता के लिए अहम हैं और अहम रहेंगे। पिछले साल उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने हमें प्लेऑफ में पहुंचाया।''



## शुभमन गिल ने किया कमाल

### शतक से चूके फिर भी बना दिया अनोखा रिकॉर्ड

**मुंबई,02 नवम्बर 2024।** शुभमन गिल ने मुंबई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 90 रन की पारी खेली लेकिन शतक से चूक गए। उन्होंने बावजूद इसके एक खास मुकाम अपने नाम किया है। दरअसल, गिल ने साल 2024 में 800 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं।

## पोंटिंग और हीली ने मैकस्वीनी को टेस्ट टीम में चुनने की वकालत की

**मेलबर्न,02 नवम्बर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और इयान हीली ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में सलामी बल्लेबाज के खाली पड़े एक स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कप्तान नाथन मैकस्वीनी का चयन करने की वकालत की है। डेविड वार्नर के इस साल की शुरुआत में संन्यास लेने और स्टीव स्मिथ के अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर लौटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक सलामी बल्लेबाज की तलाश है।



मैकस्वीनी, सैम कोनस्टास, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस जैसे खिलाड़ी इस रिक्त स्थान को भरने के दावेदारों में शामिल हैं। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू शो' में कहा, मेरे हिसाब से इस स्थान को भरने का एकमात्र दावेदार नाथन मैकस्वीनी है, जो क्वींसलैंड में जन्मे हैं और अब दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन किया है।''

हीली ने एसईएन रेडियो से कहा, ''मुझे खुशी है कि लोगों ने देखा कि नाथन मैकस्वीनी किस तरह से अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मैं उसे अच्छी तरह से जानता हूं क्योंकि वह मेरे क्लब से जुड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता भी उसके बारे में जानते हैं क्योंकि उसने हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वह चारों दावेदारों में सबसे अधिक तैयार नजर आता है।




## बेन स्टोक्स आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में नहीं लेंगे हिस्सा

**ब्रिसबेन,02 नवम्बर 2024।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में हिस्सा ना लेने की संभावना जताई जा रही है। वह टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने के चलते आईपीएल 2025 से बाहर रह सकते हैं।

## पीसीबी ने भारतीय प्रशंसकों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शीघ्र वीजा जारी करने का आश्वासन दिया

**लाहौर,02 नवम्बर 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और केंद्र सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने के लिए उनके देश आने के इच्छुक भारतीय प्रशंसकों के लिए त्वरित वीजा जारी करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने अमेरिका के सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ बैठक के दौरान यह आश्वासन दिया। नकवी ने कहा कि पीसीबी को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में भारत के क्रिकेट प्रेमी पाकिस्तान के दौरे पर आएंगे। वह चाहते हैं कि भारतीय प्रशंसक पाकिस्तान आकर लाहौर में इन दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को देखें। एक अखबार ने नकवी के हवाले से कहा, ''हम भारतीय प्रशंसकों के लिए टिकटों का एक विशेष कोटा रखेंगे और हम जल्द से जल्द वीजा जारी करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएंगे।'' पाकिस्तान अगले साल फरवरी मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं किया है क्योंकि वह इस बात की पुष्टि चाहता है कि भारत सरकार इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति देगी या नहीं।

# विरासत का हुनर या हुनर की विरासत? संगीतकार जिसने बदला बॉलीवुड का चेहरा



साल 1993 में 12 नवंबर को सिनेमाघरों में फिल्म बाजीगर रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 90 के दशक में बॉलीवुड में रिकॉर्ड बनाए थे। इसी फिल्म ने शाहरुख खान को शोहरत के फलक की पहली सीढ़ी दी थी। लेकिन केवल शाहरुख खान ही बॉलीवुड को इस फिल्म से नहीं मिले थे। फिल्म ने बॉलीवुड को संगीत का ऐसा खजाना दिया जिसने अपने सुपरहिट्स ने हिंदी गानों को गांव-गांव तक पहुंचाया। इनके गानों की दीवानगी आज 30 साल बाद भी लोगों के जहन में छाई हुई है। ये संगीतकार कोई और नहीं बल्कि अनु मलिक हैं। अनु मलिक आज अपना 64वां जन्मदिन मनाए। अनु मलिक को संगीत विरासत में मिला है।

अनु मलिक के पिता सरदार मलिक भी बॉलीवुड के बेहतरीन म्यूजिक कंपोजर रहे हैं। हालांकि पिता सरदार मलिक को वो शोहरत नहीं मिली जिसके वे हकदार थे। लेकिन सरदार मलिक के बेटे अनु मलिक ने संगीत की दुनिया में ऐसा नाम कमाया कि शायद ही कोई उन्हें न जानता हो। अनु मलिक ने विरासत में मिली इस संगीत की कलाक को विरासत में ही आगे बढ़ाना चाहा। अनु मलिक के भाई डब्बू मलिक भी एक संगीतकार और सिंगर हैं। डब्बू मलिक ने बीआर चोपड़ा के सुपरहिट सीरियल महाभारत में भीष्म पितामह का युवा किरदार निभाया था।

### 12 साल गुमनामी में बनाते रहे गाने

अनु मलिक को 90 के दशक का सबसे बेहतरीन म्यूजिक कंपोजर कहा जाता है। बाजीगर फिल्म के म्यूजिक के लिए अनु मलिक को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के फिल्म फेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया तो लोगों की नजर उन पर पड़ी। इस फिल्म के गानों ने धूम मचाई थी। लेकिन इससे पहले भी अनु मलिक करीब 12 साल तक फिल्मों में गाने कंपोज करते रहे, लेकिन शोहरत नहीं मिली। साल 1981 में आई फिल्म आपस की बात से म्यूजिक कंपोजर का करियर शुरू हुआ और लगातार चलता रहा। हर साल करीब 2-3 फिल्मों में म्यूजिक बनाते और बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाशने लगे। इस दौरान मंगल पांडे, दूध का कर्ज, आवारगी समेत 40 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। लेकिन बाजीगर ने उनकी किस्मत के सितारे पलट दिए और संगीत की दुनिया का बेताज बादशाह बना दिया। इसके बाद 1995 में भी अनु मलिक को उनकी फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी के लिए फिल्म फेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया। 2001 में स्पेशल फिल्म फेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 2005 में फिल्म मैं हूं न के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के फिल्म फेयर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### विरासत में मिले संगीत से समृद्ध परिवार

अनु मलिक के पिता सरदार मलिक अपने समय के दिग्गज संगीतकार रहे हैं और 600 से ज्यादा फिल्मी गानों में अपनी धुन दी है। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर गुरुदत्त के कभी रूममेट रहे सरदार मलिक ने 1947 में आई फिल्म रेणुका से अपने करियर की शुरुआत की थी। उनके गाने भी हिट रहे लेकिन 2 बड़े दिग्गज संगीतकारों के गुस्से के शिकार में आने से उनका करियर तबाह हो गया। लेकिन सरदार मलिक ने अपने संगीत की विरासत को आगे बढ़ाया और दोनों बेटों अनु मलिक और डब्बू मलिक को संगीतकार बनाया। अनु मलिक के भाई डब्बू मलिक ने भी 45 से ज्यादा फिल्मों के गाने कंपोज किए हैं। अब संगीत की ये विरासत तीसरी पीढ़ी के पास भी जा रही है। अनु मलिक के भतीजे और डब्बू मलिक के बेटे अरमान मलिक भी बॉलीवुड के एक हिट सिंगर हैं। अरमान मलिक की आवाज की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है और कई सुपरहिट गाने भी दे चुके हैं।

## मृणाल ठाकुर की तस्वीर के साथ हुई छेड़छाड़



बॉलीवुड से लेकर साउथ तक अपनी एक्टिंग और खूबसूरती का जलवा दिखा चुकी मृणाल ठाकुर अपने एक एडिटेड वीडियो की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। टेलीविजन स्क्रीन पर अपना दमखम दिखाने के बाद, उन्होंने फिल्मों की ओर रुख किया और तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा। जर्सी, सीता रामम और हाय नन्ना जैसी फिल्मों में बेहतरीन किरदार निभा कर दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं। हाल ही में दिवाली के मौके पर इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक शख्स मृणाल ठाकुर के साथ दिवाली मनाते हुए नजर आ रहा है। इस वीडियो ने इंटरनेट पर लोगों का खूब ध्यान खींचा जब उन्होंने एक प्रशंसक को सोशल मीडिया पर फटकार लगाई।

### खरी खोटी सुनने के बाद की तारीफ की

मृणाल ठाकुर की सोशल मीडिया पर एक यूजर ने तस्वीर को इस तरह से फोटोशॉप किया कि ऐसा लग रहा था कि एक्ट्रेस और वह एक साथ दिवाली मना रहे हैं। इस एडिटेड फोटो में वह व्यक्ति मृणाल के साथ पटाखे जलाता हुआ दिखाई दे रहा है, उसने सीता रमन फेम को बांहों में जकड़ के रखा हुआ है। प्रशंसक ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, दिवाली फोटो एडिटिंग। बॉलीवुड अभिनेत्री का फोटोशूट। हालांकि, यह वीडियो एडिटेड था, जिस पर पहले तो एक्ट्रेस भड़कीं और कमेंट करते हुए उस व्यक्ति की फटकार लगाई थी। वहीं अब, मृणाल ठाकुर उसकी तारीफ करते नजर आ रही हैं।

### बच्चे की जान लोगे क्या

मृणाल ठाकुर ने कुछ ही घंटे बाद अपना कमेंट डिलीट कर दिया और फिर मजाकिया अंदाज में तंज कसा। विवाद शुरू होने के बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा स्टोरी पर ये फोटोशूट पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आशा है कि आप एक दिन अच्छी फिल्में भी एडिट करेंगे! शुभकामनाएं, हैप्पी दिवाली। वहीं अब, मृणाल ठाकुर ने सफाई देते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह कहती है, दोस्तों, आप लोग बच्चे की जान लोगे क्या? मैंने वो कमेंट ऐसे कर दिया था।

### मृणाल ठाकुर ने फोटोशॉप विवाद पर दी सफाई

एक्ट्रेस ने आगे कहा, पहले जब मैंने देखा मैं खुश हुई चलो किसी और के साथ ना सही इनके साथ ही मैं दिवाली तो सेलिब्रेट कर रही हूं! फिर मैंने उसका पेज खोला और फिर मैंने देखा कि उन्होंने हर एक्ट्रेस के साथ अपना वीडियो एडिट किया है! मेरा दिल टूट गया! लेकिन सच में वो बहुत अच्छी एडिटिंग करते हैं और मैं प्रार्थना करती हूं कि वह अपनी कला का उपयोग सही चीजों के लिए करें! उसे बुरा-भला मत कहो। शायद उसका इरादा बुरा नहीं था।

# काले धन और चुनावी उपहार पर शिकंजा कसेगी जीएसटी की स्पेशल 26 टीम

» चेकपोस्ट पर सख्त निगरानी शुरू...

» चेकपोस्ट पर अवैध गतिविधियों की निगरानी के लिए तैनात की गई टीमें...

» अवैध परिवहन की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम और मोबाइल नंबर जारी...

» जीएसटी करदाताओं के लिए नए नियम लागू,बकाया भुगतान पर राहत मिलेगी...

रायपुर,02 नवम्बर 2024(ए)। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) रायपुर ने काला धन, सोना-चांदी और चुनावी उपहार के आवागमन को रोकने के लिए स्पेशल 26 की टीम बनाई है। इसके साथ ही सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि स्पेशल 26 की टीम का गठन काला धन के साथ ही विधानसभा उपचुनाव का ध्यान रखते हुए किया गया है। अनिल सिंह व देवेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।




## एक नवंबर से जीएसटी का नया नियम लागू

जीएसटी करदाताओं का नया शुक्रवार एक नवंबर से लागू हो रहा है। ऐसे करदाता जिन्हें जीएसटी विभाग ने डिमांड नोटिस भेजा हुआ है।ऐसे करदाता अपना बकाया भुगतान कर ब्याज व जुर्माने से बच सकते है। अधिकारियों के अनुसार यह राहत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के करदाताओं के लिए है।

प्रदेश में ही इन तीन वित्तीय वर्षों में करीब पांच हजार से ज्यादा करदाताओं को विभाग की ओर से डिमांड नोटिस भेजा जा चुका है। इसी प्रकार आयकर विभाग भी इन दिनों विवाद से विश्वास स्कीम 2.0 चला रहा है। इस स्कीम में ऐसे करदाताओं को फायदा मिलेगा, जिनके मामले वर्षों से लंबित है। यह स्कीम आयकरदाताओं के लिए फायदेमंद है।

जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि इसमें शर्त यह रखी गई है कि टैक्स डिमांड नोटिस गैर-धोखाधड़ी श्रेणी का होना चाहिए। सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी किया है। आयकर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चेतन तारवानी ने कहा कि यह नियम करदाताओं के फायदे के लिए है,इसका उन्हें फायदा उठाना चाहिए।

### निम्न क्षेत्रों में टीमें तैनात

यह टीम रावांभाटा, ट्रांसपोर्ट नगर, रामसागरपारा, रायपुरा चौक, महादेव घाट और पंडरी में तैनता किया गया है। इसके साथ ही सक्ती, रायगढ़, महासमुंद के पास बिरकोनी में भी चेकपोस्ट बनाया गया है। वहीं पड़ोसी राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड की सीमा से सटे जशपुर जिला स्थित लोदाम चेकपोस्ट, बलरामपुर में रामानुगंज चेकपोस्ट और महाराष्ट बार्डर के राजनांदगांव जिले के चिचोला बार्डर के पास बाघनदी में तैनात किया गया है। ये टीमें वाहनों की जांच करने, बिना ई-वे बिल सामानों का परिवहन करने वालों के खिलाफ जांच करने कहा गया है।

### गोपनीय टीम भी जांच में लगी

सीजीएसटी ने काला धन और अवैध सामानों के परिवहन को देखते हुए रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट में स्थाई रूप से टीम की तैनाती की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर भी गश्त किया जा रहा है।



## सीएम विष्णुदेव साय ने बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो और मस्कट का किया अनावरण

रायपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो (प्रतीक चिन्ह) और मस्कट (शुभंकर) का अनावरण किया. बस्तर ओलंपिक के लोगो में बस्तर की संस्कृति और परंपराओं की झलक दिख रही है वहीं इस ओलंपिक के मस्कट (शुभंकर) के रूप में पहाड़ी मैना और वन भैंसा को चुना गया है, जो वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है।

इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा बैठक में मौजूद रहे।

सीएम विष्णुदेव साय ने बस्तर ओलंपिक को लेकर एक्स पर पोस्ट कर लिखा,खेलेगा बस्तर बढ़ेगा बस्तर। आज निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में बस्तर ओलंपिक 2024 के शुभंकर पहाड़ी मैना और वन भैंसा एवं प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। यह शुभंकर वन्य जीवों के संरक्षण को समर्पित है, साथ ही इसके प्रतीक चिन्ह में बस्तर की संस्कृति और परम्परा की झलक है।

## विष्णुदेव साय ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौ वंश की पूजा-अर्चना की



रायपुर,02 नवम्बर 2024(ए)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने निवास की गौशाला में गौवंश की पूजा-अर्चना की और अपने हाथों से खिचड़ी और गुड़ खिलाया। उन्होंने इस मौके पर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, खेल मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा गौवंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन दिन है। भगवान श्री कृष्ण और गौ माता से कामना करता हूं कि प्रकृति प्रेम और परोपकार का यह लोक पर्व सभी के लिए सुख समृद्धि व खुशहाली लेकर आए। गौवंश, खेती और जन-जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। गोवर्धन पूजा गौवंश की पूजा-आराधना के साथ ही गौवंश की सुरक्षा और सेवा का संकल्प लेने का पर्व है। गौवंश की पूजा अर्चना के बाद जब प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया तो मुख्यमंत्री साय ने सबसे पहले गौशाला में गौवंश की सेवा करने वाले गौ सेवक भगवानी यादव को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उन्हें गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री जी की इस सहजता और सरलता ने एक बार फिर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री ने भगवानी द्वारा किए जा रहे गौसेवा के कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### एक गलत आदेश की वजह से कुर्सी गंवा बैठे बिलासपुर कमिश्नर



बिलासपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। न्यायधानी बिलासपुर के बेशकीमती चर्चित मिशन अस्पताल के लीजधारकों की अपील संभाग आयुक्त न्यायालय ने खारिज कर दी है। पूर्व कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही अस्पताल की जमीन के अधिग्रहण पर स्टे दे दिया था। जिस पर राज्य सरकार बेहद खफा हुई और कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का को हटा दिया गया था। नीलम नामदेव एक्का को बिलासपुर संभाग आयुक्त के पद पर पोस्टिंग पाने के बाद सिर्फ एक माह से भी कम समय में सरकार ने राजधानी वापस बुला लिया।

### ट्रेलर की ठोकर से 7 लोगों की मौके पर मौत



रायगढ़,02 नवम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के टपरिया में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है। हादसा उस समय हुआ जब एक कोयले से भरी ट्रेलर ने मैजिक वाहन को टक्कर मार दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले में स्थानीय पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को वयस्क जेल में ही रहना होगा



रायपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कोंडागांव पॉक्सो कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें 21 वर्ष की उम्र पार कर चुके सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को वयस्क जेल में भेजने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने नरम रुख अपनाने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधियों के प्रति रियायत समाज के लिए खतरा हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का शेड्यूल जारी

» तीन दिवसीय आयोजन के दौरान शान और नीति मोहन के साथ इंडियन आइडल फेम पवनदीप और अरुनीता करेंगे परफॉर्म...




रायपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ में 4 नवंबर से राज्योत्सव की शुरुआत हो रही है। 3 दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की पूरी सूची जारी कर दी गई है। कार्यक्रम में लोक कलाकारों के साथ ही बॉलीवुड के सिंगर शान और नीति मोहन भी परफॉर्म करते दिखेंगे। राज्योत्सव के उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तो समापन और अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार, 4 नवंबर को 6 बजे से 7:15 बजे तक उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके पहले शाम 4:30 से 5 तक 12 लोक नृत्य झलकियां आर्टिस्ट रिखी क्षत्रिय अपनी प्रस्तुति देंगे। 5 से 5:30 बजे तक आदिवृंदम आर्टिस्ट महेंद्र चौहान और ग्रूप और 5:30 बजे से 6 बजे तक क्षेत्रीय नृत्य संगीत आर्टिस्ट सुनील सोनी और ग्रूप अपनी प्रस्तुति देगा।

उद्घाटन समारोह के बाद 7:15 से 7:45 तक नाम रामायण आर्टिस्ट विद्या वर्चस्व की प्रस्तुति के बाद शाम 7:45 से प्लेबैक सिंगर शान की परफॉर्मेंस होगी।

5 नवंबर को शाम 5 से 5:30 तक सांस्कृतिक लहर गंगा आर्टिस्ट पुराणिक साहू प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 5:30 बजे से 6 बजे तक लोकधुन आर्टिस्ट सुरेंद्र साहू भोला यादव ग्रूप, 6 बजे से 6:30 तक द मून लाइट रागा, आर्टिस्ट रोहन नायडू और ग्रूप अपनी प्रस्तुति देगा। 6:30 से 7:30 बजे तक राज्यपाल की मौजूदगी में मंचीय कार्यक्रम होगा। 7:30 से 8:00 बजे तक राजेश अवस्थी का गायन, 8 बजे से 8:30 बजे तक लोक गायन आरू साहू का होगा और रात 8:30 से प्लेबैक सिंगर नीति मोहन की परफॉर्मेंस होगी.

6 नवंबर को शाम 5 बजे से 6 बजे तक अनुराग स्टार नाइट होगी, जिसमें आर्टिस्ट अनुराग शर्मा परफॉर्म करेंगे. 6 बजे से 7:55 बजे तक राज्य अलंकरण समारोह चलेगा।. 7:55 से 8:15 बजे तक इंडिया गोट टैलेंट के आर्टिस्ट मलखम्भ परफॉर्म करेंगे। इसके बाद रात 8 बजे से 8:45 बजे तक जादू बस्तर आर्टिस्ट सवि श्रीवास्तव परफॉर्म करेंगे। अंत में रात 8:45 से इंडियन आइडल फेम पवनदीप और अरूनिता की परफॉर्मेंस होगी।

## बलौदाबाजार में एक बार फिर से मचा बवाल

» दामाखेड़ा आश्रम में उपद्रवियों ने फेंका बम...

» की पत्थरबाजी, 11 आरोपी हुए गिरफ्तार...



बलौदाबाजार,02 नवम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में फिर से एक बड़ा बवाल हुआ है । दिवाली की जश्न के बीच बीती रात कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम दामाखेड़ा में फटाखा फोड़ने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। इस दौरान उपद्रवियों ने आश्रम के अंदर बम फेंका और पत्थरबाजी भी की. घटना की गंभीरता को देखते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रात में ही आश्रम पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया । पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है । वहीं सुरक्षा की दृष्टि से दामाखेड़ा आश्रम पर पुलिस बल तैनात किया गया है । यह मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है ।पुलिस के अनुसार, 1 नवंबर की रात लगभग 09:45 बजे कुछ आरोपी, जिनमें दुर्गेश देवांगन और प्रताप साहू शामिल हैं, लाठी, डंडा और बम पटाखों के साथ आश्रम में जबरदस्ती प्रवेश कर गए। आरोप है कि उन्होंने वहां जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गालियां दीं और बम पटाखा फेंक दिया. इसके साथ ही पत्थरबाजी भी की गई।सिमगा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने धारा 191(2), 193(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है । मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



## खेत में रहस्यमयी गड्ढा देखकर किसान अचंभित

जगदलपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। जगदलपुर से 30 किलोमीटर दूर मुंडागांव में एक अजीबोगरीब घटना की वजह से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दरअसल, कुछ दिनों पहले एक खेत में अचानक से जमीन धंसने से 3 फीट गहरा गड्ढा बन गया। इसके बाद, फसल काटने गए किसान को लगा कि यह मामूली गड्ढा है और कीचड़ की वजह से जमीन धंस गई है। लेकिन शनिवार को, धान की फसल काटने गए गांव के लोग उस वक्त हैरान हो गए जब जमीन का यह छोटा गड्ढा पहले 10 फीट और फिर लगभग 15 फीट गहरा हो गया। यह नजारा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान किसी ने इस रहस्यमयी गड्ढे का वीडियो भी बना लिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ में दिसम्बर 2024 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी



रायगढ़,02 नवम्बर 2024 (ए)। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindianarmy.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

## हाईकोर्ट ने कहा...खुद की छवि बचाने के लिए पीड़िता ने दर्ज कराई झूठी दुष्कर्म की रिपोर्ट

बिलासपुर,02 नवम्बर 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया है। मामला दुष्कर्म के आरोपी के सजा के खिलाफ अपील का था। इसमें कोर्ट ने फैसला सुनाया कि पीड़िता ने अपनी छवि बचाने के लिए प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पाए जाने के कुछ दिनों बाद दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के बाद जांच में मोबाइल कॉल रिकॉर्ड से पीड़िता के आरोपी के साथ संबंध होने का पता चला। इस पर कोर्ट ने पीड़िता की अपील को खारिज कर दिया है।

मामला गरियाबंद जिला क्षेत्र का है। जहां पर रहने वाली महिला ने शिक्षक के खिलाफ 18 मार्च को रिपोर्ट लिखाई कि वह 16 मार्च 2012 की दोपहर 2 बजकर 30 बजे घर में अकेली थी। उसी समय आरोपी हस्ताक्षर लेने के बहाने घर में आया और हाथ पकड़कर कमरे के अंदर ले गया व जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। हल्ला सुनकर उसकी भाभी आयी तो आरोपी उसे धक्का देकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376(1) 450 व 506(2) के तहत जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश की।



सत्र न्यायालय से दोष मुक्त किए जाने के खिलाफ महिला ने हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा पीड़िता ने अपनी छवि बचाने के लिए आरोपी पर झूठा मामला दर्ज कराया है।

### कॉल रिकॉर्ड से सामने आयी सच्चाई

हाईकोर्ट ने कहा कि कोर्ट में प्रस्तुत किए गए मोबाइल कॉल रिकॉर्ड में अभियुक्त 7 जनवरी 2011 से मार्च 2012 तक पीड़िता मोबाइल से बात करती थी। अभियुक्त बार-बार उसके घर आता है। इसका खंडन नहीं किया गया है। हालांकि कानून यह अच्छी तरह से स्थापित है कि बलात्कार के मामले में सजा हो सकती है पीड़िता की एकमात्र गवाही के आधार पर भी कायम रखा जा सकता है सबूत आत्मविश्वास को प्रेरित करते है लेकिन वर्तमान में पीड़िता का आत्मविश्वास को प्रेरित नहीं करती क्योंकि उसके आचरण से ही पता चलता है कि वह आत्मविश्वासी थी। एक सहमति देने वाली पार्टी है और इसमें बड़े विरोधाभास और चूक हैं। उनका बयान इससे मेल नहीं खाता अन्य गवाहों और साक्ष्यों पर ट्रायल कोर्ट में चर्चा हुई है। पीड़िता के कॉल रिकॉर्ड से उसके आचरण का पता चला। कोर्ट ने माना कि उसकी सहमति से आरोपी घर आया और इससे महिला का आचरण भी समझ आया और पीड़िता की बताई बातें सही साबित नहीं हुई। ऐसे में आरोपी को दोषमुक्त किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)